@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 215 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 सोमवार, 09 जून 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495



प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

## स्टार्टअप प्रोत्साहन योजना की समय सीमा बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 तक कर दी गई: राव

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के आज के युग में युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप पालिसी क्रियान्वित की है, जिसके तहत स्टार्टअप को अनेक प्रकार के प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि उद्योग विभाग ने निर्णय लिया है कि हरियाणा के जो स्टार्टअप विभिन्न योजनाओं जैसे कि लीज रेंटल सब्सिडी स्कीम, पेटेंट लागत प्रतिपूर्ति स्कीम, शुद्ध राज्य जीएसटी प्रतिपूर्ति स्कीम तथा काउड स्टोरेज स्कीम के लिए प्रतिपूर्ति अपने आवेदन जमा नहीं करा पाए, उनके लिए एक मुश्त छूट देते हुए समय सीमा बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 तक कर दी गई है। उन्होंने स्टार्टअप से आग्रह किया है कि योजना के लाभ उठाने के लिए उद्योग विभाग से संपर्क करें और तय समय सीमा में अपने आवेदन भेजना सुनिश्चित करें।

# कुरुक्षेत्र को जानेंगे योग की भूमि के रूप में: सीएम सैनी

### कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले योग महाकुंभ में पहुंचेंगे एक लाख से ज्यादा योग साधक

**कुरुक्षेत्र/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को विश्व के मानचित्र पर योग भूमि के रूप में भी जानेंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की तरफ से 21 जून को कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा योग साधक पहुंचेंगे। इतना ही नहीं 21 जून को योग दिवस पर पूरे प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ जुडेंगे। इन ऐतिहासिक और यादगार लम्हों को विश्व के कोने-कोने में देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर के सभागार में जिला प्रशासन की तरफ से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर संस्थाओं के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्मसरोवर और मेला क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा प्रबंधों को लेकर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, पतंजलि योगपीठ के केन्द्रीय प्रभारी





राकेश से फीडबैक लेकर चर्चा की है। इस योग महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों को योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प दिलवाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब देश में स्वच्छता और योग होगा तो देश गति के साथ विकसित भारत की तरफ बढ़ेगा। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को प्रदेश में 27 मई से स्वच्छता अभियान चलाकर शुरू कर दिया गया है, 21 जून के आयोजन के लिए योग की कक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब यूएनओ में योग का प्रस्ताव रखा तो 177 देशों ने इस पर अपनी सहमति दी और हमारी धरा से निकाला योग विश्व में हर जन-जन तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री ने योग पद्धति को पूरी दुनिया में फैलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम ऐतिहासिक और भव्य होना चाहिए। योग किसी एक व्यक्ति या एक विचार का कार्यक्रम नहीं है। योग में हमारी प्राचीन विचारधारा सम्मिलित है, ऋषियों ने हमें उपहार के तौर पर योग और ध्यान दिया है। योग करने से मनुष्य हष्ट-पुष्ट रहता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग को लेकर योग ऋषि स्वामी रामदेव ने योग को बनाए रखने का काम किया है। अब ऐसा ऋषि का भगवान श्रीकृष्ण की धरा धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में 21 जून को आना कुरुक्षेत्र वासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि योग दिवस को लेकर राष्ट्र धीम एक पृथ्वी एक स्वस्थ है। जबकि प्रदेश में इसके साथ योग युक्त नशा मुक्ति हरियाणा को जोड़ा गया है।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बीच में लोगों की सोच बीमारी दूर करने के लिए एक गोली लेकर काम चलाने की हो गई थी, लेकिन जब पता चला कि योग से उन बीमारियों को तहस-नहस किया गया है जिन्हें गोलियां रोक भी नहीं सकती हैं।

## बिना भेदभाव काम करना भाजपा सरकार की कार्य संस्कृति : पंडित मोहन लाल बड़ौली

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली रविवार को सोनीपत में बाबा गुरु गोरखनाथ धाम और व्हाइट लिली सोसाइटी स्थित मंदिर में पहुंचे। यहां उन्होंने श्रद्धा भाव से माथा टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगल कामना की। इस मौके पर श्री बड़ौली ने लोगों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक विषयों पर बातचीत की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के शासन में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता। बिना भेदभाव के काम करना ही भाजपा सरकार की कार्य संस्कृति



है। उन्होंने कहा कि जनसेवा का मार्ग तभी सार्थक होता है जब हम जनता के बीच रहकर उनकी भावनाओं को समझें और मिलकर समाधान निकालें।
हर मुलाकात, हर चर्चा एक नई ऊर्जा और दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि जनता के सुझाव ही हमारी नीति और नीयत की दिशा तय करते हैं। सोनीपत स्थित गुरु गोरखनाथ धाम में माथा टेकने के बाद उन्होंने कहा कि सदियों से गुरु गोरखनाथ जी की तपोभूमि अध्यात्म, साधना और सेवा का प्रतीक रही है। धूनियों में तपस्या में लीन तपस्वी संत जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना एक अलौकिक अनुभव रहा।

### 'मीडिया एनडीए की सीटें बांटना छोड़े, हमारा काम हम कर लेंगे'

**मुजफ्फरपुर/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
मुजफ्फरपुर में पहुंचे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने क्लब मैदान में आयोजित संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इतनी भीषण गर्मी और तपिश में आए लोगों के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। मुझे इतनी भारी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। आप सबको देखकर हमें हौसला मिलता है। हमारा हौसला आपकी ताकत और इस भीड़ से है। भीड़ को देखकर उपेंद्र कुशवाहा गदगद हो गए और कहा कि यह बदलाव का संकेत है।

## ज्योति मल्होत्रा और जसवीर के बचाव में आया नासिर ढिल्लो



**चंडीगढ।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार रोपड़ (पंजाब) के यूट्यूबर जसबीर सिंह और हिसार निवासी यू ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के बचाव में आई एस आई एजेंट आया है। पाकिस्तान का यूट्यूबर नासिर ढिल्लों ने दावा किया है कि जसबीर सिंह बेकसूर है। इसके साथ ही उसने यह भी कहा कि वह ज्योति मल्होत्रा से कभी नहीं मिला।
उसने कहा आरोप लगाया जा रहा है कि मैंने पाकिस्तान सेना के अधिकारियों से ज्योति और जान महल को मिलाया, लेकिन ऐसी कोई बात नहीं है, क्योंकि मैं वहां नहीं था। मैं जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं। मेरे दोनों मोबाइल की जांच कर लो। हालांकि, ढिल्लों ने कहा कि वहट्सऐप पर उसकी जसबीर सिंह से बातचीत हुई। उसने बातचीत के अंश भी चैनल पर पेश किए। उसने यह भी माना है कि उसने कुछ समय पहले हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति का पॉडकास्ट किया था। नासिर ढिल्लों पर आरोप है कि वह पूर्व पुलिसकर्मी है और आजकल आई एस आई एजेंट के रूप में काम करता है। वह इंडियन यूट्यूबर्स और ब्लॉगर्स को अपने जाल में फंसाकर उनसे खुफिया जानकारी हासिल करता है।
, जसबीर सिंह को शनिवार को पुलिस ने मोहाली जिला अदालत में पेश किया था। अदालत से उसे 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। हालांकि, अदालत के बाहर जसबीर के वकील ने कहा था कि पुलिस ने अदालत में नासिर ढिल्लों का कोई जिक्र नहीं किया।
नासिर ने अपने सोशल मीडिया पर 30 मिनट का एक वीडियो अपलोड किया है। इसमें उसने कई सफाई दी हैं। उसने कहा- मैं ज्योति से आज तक नहीं मिला। ज्योति ने मुझसे कहा था कि मैं उसका ऑनलाइन पॉडकास्ट करूं, इसलिए मैंने उसका पॉडकास्ट किया। जब जसबीर सिंह पाकिस्तान आया था, तब मैं एक फिल्म की शूटिंग में व्यस्त था, इसलिए उससे भी मुलाकात नहीं हो पाई।

## राज्यपाल के कार्यकाल विस्तार सम्बन्धी आर.टी.आई. पर गृह मंत्रालय ने नहीं दी सूचना

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के मौजूदा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, जिन्हें सर्वप्रथम सितम्बर, 2019 में हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया था जिसके बाद जुलाई, 2021 में उन्हें स्थानांतरित कर हरियाणा का राज्यपाल बनाया गया, का पांच वर्ष का कार्यकाल (हिमाचल और हरियाणा दोनों राज्यों को मिलाकर) सितम्बर, 2024 में पूरा हो गया था. अब क्या उन्हें उसके बाद देश के राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल के तौर पर ताजा कार्यकाल प्रदान दिया गया था अथवा आगामी आदेशो तक विस्तार (एक्सटेंशन) प्रदान किया गया, इस बारे में न तो देश के राष्ट्रपति सचिवालय और न ही केंद्रीय गृह मंत्रालय से आधिकारिक सूचना प्रदान की गई है पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट और संवैधानिक मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने गत वर्ष 27 नवम्बर 2024 को राष्ट्रपति सचिवालय में एक ऑनलाइन आर.टी.आई. याचिका दायर कर सूचना मांगी थी कि राज्यपाल के तौर पर पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद बंडारू दत्तात्रेय को देश के राष्ट्रपति द्वारा ताजा कार्यकाल प्रदान किया गया अथवा एक्सटेंशन दिया गया है चूँकि देश के संविधान के अनुच्छेद 156(3) में उल्लेख है कि राज्यपाल अपने पदग्रहण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक पद धारण करेगा।

## फिर छलका दादा गौतम का दर्द, बोले सांसद, विधायक की अहमियत नहीं

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
दादा के नाम से संबोधित किए जाने वाले हरियाणा के जींद जिले की सफीदों विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने फिर एक बार अपना दर्द बया किया है। उन्होंने कहा कि आज सांसद और विधायक की कोई इज्जत नहीं बची। विधायक के पास आज कुछ नहीं है, बस घूम फिरकर आ जाते हैं। काम कराने की पावर ही नहीं है। 2024 में विधानसभा चुनाव से पहले जननायक जनता पार्टी से इस्तीफा देने पर गौतम ने कहा कि विधायक को पहले इस्तीफा देना पड़ता है, इसके बाद पार्टी छोड़नी पड़ती है। ÷
ागर, मैंने पहले पार्टी छोड़ी। इस्तीफा देने का कारण पार्टी



का एक गलत फैसला था। इसे लेकर मैं नाराज था। जजपा ने उनसे ही समझौता कर लिया, जिसने पहले पार्टी को खत्म किया था। उन्होंने कहा 2014 से पहले ये नहीं पता था कि देश पाकिस्तान है या हिंदुस्तान । रामकुमार गौतम जींद के पिल्लूखेड़ा में भगवान परशुराम सेवा समिति की तरफ से आयोजित अभिनंदन समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की पूरी हुकूमत 2014 में आई थी। उस समय नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। 2014 से पहले यही नहीं पता था कि यह देश, पाकिस्तान है या हिंदुस्तान। नरेंद्र मोदी ने दुनिया को यह एहसास करवा दिया कि यह पाकिस्तान नहीं है, यह देश हिंदुस्तान है। धारा-370 को तोड़ना, राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक को खत्म करना महत्वपूर्ण कार्य है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दिखाया। रामकुमार गौतम ने कहा कि लोगों को एंटी डिफेक्शन लॉ (दलबदल कानून) के खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है। एंटी डिफेक्शन कानून नहीं होता तो मुझे जे जे पी नहीं छोड़नी पड़ती। इसी कानून के कारण विधायक और सांसद की कोई अहमियत नहीं बची है।
लोगों को इसके खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए, ताकि इनकी इज्जत बनी रहे। विधायक और सांसदों की इज्जत बढ़ेगी तो जनता के काम भी नेता डंके की चोट पर करवा सकेंगे।

## नए जिलों के गठन के लिए बनी कैबिनेट सब कमेटी की बैठक 15 को

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा में 5 नए जिले बनाने के मुद्दे पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए गठित कैबिनेट सब कमेटी की आखिरी बैठक आगामी 15जून को प्रस्तावित की गई है। हालांकि जातिगत जनगणना के केंद्र सरकार के ऐलान के बाद नए जिले बनाने का फैसला टलने के आसार है। नए जिले बनाने का फैसला टलने की संभावना के पीछे जो 4 वजहें बताई जा रही हैं उनमें जातिगत जनगणना प्रमुख है। नए जिलों को बनाने का काम सरकार ने कैबिनेट सब कमेटी को दिया है। कमेटी ने इसे लेकर 15 जून, को आखिरी बैठक बुलाई है, जिसमें नए जिलों के निर्माण की अंतिम रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेज दी जाएगी।
प्रदेश में अभी 22 जिले हैं। जिन नए जिलों को बनाने की तैयारी है, उनमें हिसार का हांसी, सिरसा का डबवाली, करनाल का असंध, जींद का सफीदों और सोनीपत का गोहाना शामिल है। इनमें हांसी और डबवाली पहले ही पुलिस जिले बनाए जा चुके हैं। इसके अलावा गुरुग्राम के मानेसर को भी जिला बनाने की मांग उठी है। हालांकि, इसके पूरे दस्तावेज न पहुंचने से इस पर अगली बैठक में फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश में नए डिवीजन, सब डिवीजन और तहसीलों के प्रस्ताव पर भी इसी बैठक में चर्चा होगी। हरियाणा के नए जिलों के बनने में देरी की सबसे बड़ी वजह जाति जनगणना हो सकती है। केंद्रीय कैबिनेट की हाल ही में हुई बैठक में फैसला लिया गया है कि जल्द ही जाति जनगणना शुरू की जाएगी। ॅजबकि, हरियाणा सरकार की ओर से नए जिलों के गठन को लेकर बनाई गई कैबिनेट सब कमेटी का कार्यकाल 30 जून तक ही है। यदि इस कार्यकाल के दौरान सरकार नए जिलों को लेकर फैसला नहीं लेती है।

## स्पीकर कल्याण ने 3 करोड़ 36 लाख की तीन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**करनाल**
हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को घरौंडा में 3 करोड़ 36 लाख रुपये की तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने 20 लाख रुपये कीमत की सीवर क्लीनिंग मशीन को भी हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया। स्पीकर ने सीएचसी घरौंडा, पुरानी तहसील और वार्ड.17 में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भविष्य में घरौंडा हलके को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जाएगा। विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।
विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पर 70 लाख रुपए की लागत आएगी और निर्माण कार्य नगर पालिका द्वारा 9 महीने में पूरा कराया जाएगा। यूनिट शुरू होने के बाद यहां उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आने वाले सभी नमूनों (सैंपल)की जांच हो सकेगी।

## नई तकनीक अपनाएं किसान- गंगवा

**चंडीगढ/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि घटती जोत एवं बदलते मौसम के अनुरूप किसानों को पारंपरिक खेती की जगह अधिक से अधिक नई तकनीकी व वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जरूरत है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे परंपरागत खेती को छोड़कर खेती की नवीनतम तकनीक को अपनाएं और अपनी आमदनी बढ़ाएं। पौधों से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक



निर्माण मंत्री आज भिवानी के गांव मंढाण में ऑर्गेनिक हरियाली नर्सरी के उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर मंत्री ने विभिन्न प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति वचनबद्ध है।
केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, वहीं प्रदेश में अधिकतर फसलें एमएसपी के भाव पर खरीदी जा रही हैं। उन्होंने ने कहा कि खेती में नई तकनीकों को अपनाएं, ताकि प्रदेश के किसान भी उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हों और उनकी आय में वृद्धि हो। इस प्रकार की नई- नई तकनीकों से न सिर्फ किसानों को लाभ होगा बल्कि प्रदेश में भी बागवानी के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनेगी।

**हाल के दिनों में सिंचाई विभाग द्वारा अर्थमूविंग मशीनों से पाइपलाइनें हटाने से क्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है**

# नहरों में लगाई पाइप को लेकर सांसद कुमारी सैलजा ने सीएम सैनी को लिखा पत्र

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर रानियां क्षेत्र में घग्घर नदी से निकलने वाली नहरों की पाइपलाइनों को हटाने से उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। सांसद ने कहा है कि बरसाती नहरों के पानी के वितरण के लिए स्पष्ट और तर्कसंगत नीति बनाई जाए साथ ही सभी किसानों को एक समान पानी पहुंचाने के लिए



बाराबंदी लागू की जाए। सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि पाइप हटाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और किसानों के लिए व्यवहारिक एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मानसून से पूर्व आवश्यक तटबंधों की मरम्मत तुरंत शुरू करवाने और किसानों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि सिरसा जिले, विशेषकर रानियां क्षेत्र में, जल विवाद गहरा गया है। प्रशासन मौसमी खरीफ चैनलों - सहदेवा, मम्मार और रत्ताखेड़ा - में अवैध पाइपलाइनों और जल कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इन चैनलों का निर्माण मुख्यतः अंतिम छोर के गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किया गया था।
हाल के दिनों में सिंचाई विभाग द्वारा अर्थमूविंग मशीनों से पाइपलाइनें हटाने से क्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अधिकारियों का दावा है कि ये अवैध संरचनाएं बारिश के पानी को चैनलों के अंत तक पहुंचने से रोक रही थीं। वहीं टेल-एंड गांवों के किसानों ने भी पानी न मिलने की शिकायत की थी। कुमारी सैलजा ने यह भी कहा है कि मानसून का समय नजदीक होने के बावजूद अब तक तटबंधों की मरम्मत का कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिससे बाढ़ की स्थिति में फसलों और संपत्ति को भारी नुकसान हो सकता है। सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की है कि बरसाती नेहरों के जल वितरण को लेकर एक स्पष्ट, तर्कसंगत और सर्वसमावेशी नीति तैयार की जाए ताकि बाराबंदी प्रणाली के माध्यम से ऊपरी गांवों से लेकर अंतिम छोर तक सभी किसानों को समान रूप से पानी मिल सके। सांसद ने कहा है कि बरसाती नहरों के पानी के वितरण के लिए स्पष्ट और तर्कसंगत नीति बनाई जाए साथ ही सभी किसानों को एक समान पानी पहुंचाने के लिए बाराबंदी लागू की जाए। कुमारी सैलजा ने आशा जताई कि मुख्यमंत्री इस संवेदनशील विषय पर शीघ्र संज्ञान लेंगे और किसानों के हित में उचित व प्रभावी निर्णय लेंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्र के किसान अपने हक के पानी से वंचित न रहें और शासन के प्रति उनका विश्वास बना रहे।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध मेरी लड़ाई जारी रहेगी: अशोक अरोड़ा

**शाहबाद/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
कांग्रेस के विधायक अशोक अरोड़ा ने अपने धन्यवादी दौरे के दूसरे दिन गांव सुनहेड़ी में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि थानेसर हल्के की जनता के साथ उनका 35 वर्ष पुराना पारिवारिक रिश्ता है। जनता ने उन्हें पांच बार विधायक बनाकर जो विश्वास जताया है, उसके लिए वे आभारी है और इस विश्वास पर खरा उतरेंगे। अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा सत्रों के दौरान उन्होंने अनेक जन समस्याओं को उठाया और अपनी ड्यूटी निभाई। सनहेड़ी गांव में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव वासियों ने अरोड़ा का फूल माला डालकर स्वागत किया। अरोड़ा ने गांव आलमपुर, ईशाकपुर, कुवार खेड़ी, बीड अमीन, पलवल, खेड़ी रामनगर, फतुहपुर, चंद्रभानपुर, खासपुर और अभिमन्युपुर में भी दौरा करके लोगों की समस्याओं को सुना और मौके से ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन करके समस्याओं का निपटारा करने के आदेश दिए। पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव राजपाल वाल्मीकि सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद थे। अरोड़ा ने कहा कि उनकी लड़ाई भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी रहेगी, आज भाजपा के राज में हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला हुआ है।

# कैंसर से बचने के लिए ऑर्गेनिक गेहूं व फल सब्जियों का करें इस्तेमाल: डॉ. मुकेश

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** अमेरिकन ऑकोलॉजी इंस्टीट्यूट, हिसार के तत्वावधान में हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज सिरसा व बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट के सिरसा के सहयोग से कैंसर के प्रति एक जागरूकता कैंप का आयोजन श्री गौशाला में किया गया। कार्यक्रम में कैंसर के सुपर-स्पेशलिस्ट डॉ. मुकेश कुमार जांदू व उनके साथ उनके असिस्टेंट मैनेजर कपिल पांडे ने उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि कैंसर किसी को भी हो सकता है।

डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि कैंसर से बचने के लिए हमें आर्गेनिक गेहूं, सब्जी और फल का खानपान करना चाहिए। हमें रंग से बनी हुई मिठाइयों या रंगदार चीजों को सेवन नहीं करना चाहिए। उन्होंने प्रोस्टेट कैंसर, मुंह और गले व सर्विक्स कैंसर, लंग कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और एसोफेगस कैंसर के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति खंड शिक्षा अधिकारी सुनेश बिश्नोई ने की।




इस अवसर पर डॉ. मुकेश कुमार जांदू कैंसर स्पेशलिस्ट व असिस्टेंट मैनेजर कपिल पांडे को दोनों संस्थाओं की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुक बैंक के अध्यक्ष गुरदीप सैनी, पेंशन समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र मोहन गुप्ता, सुशील बागड़ी, राजकुमार खूंगर, गौरीशंकर गोदारा, मानसिंह गोदारा, राजकुमार निजात, सतीश मित्तल, सौजन्य विमलेश, नवीन सिंगला, बलवंत सिंह, नरेंद्र सिंह, रतन सिंह दुरेजा, प्रेम कंदोई, महेंद्र सिंह, नवीन सिंगला, अनिल सैनी, डीएस भांभू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## देशभर में वालीबॉल को मिलेगी नई दिशा: कर्ण चौटाला

### वालीबॉल महासंघ चुनाव में हरियाणा वालीबॉल संघ समर्थित उम्मीदवारों की जीत

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के चुनाव परिणाम घोषित होते ही पूरे हरियाणा में वालीबॉल प्रेमियों को हर्ष हुआ जिसमें हरियाणा वालीबॉल संघ द्वारा समर्थित सभी उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की। जेसीडी परिसर में मिठाइयां बांटी गई और वालीबॉल अकादमी के खिलाडि ?ों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी गई। हरियाणा वालीबॉल संघ के अध्यक्ष कर्ण चौटाला ने वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के हाल ही में संपन्न चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर को न केवल एक चुनावी जीत, बल्कि वालीबॉल खेल की प्रगति के लिए एक




महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उनके अनुसार यह जीत भारतीय वालीबॉल के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है, जिससे खेल से जुड़ी नीतियों और कार्यक्रमों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से देश भर में वालीबॉल को नई दिशा देगी। खिलाडियों के हितों की रक्षा करते हुए, उनकी प्रतिभा को निखारने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए आवश्यक संसाधनों व प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। चौटाला ने कहा कि इस जीत से खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलेगी और युवाओं में खेल के प्रति रुझान और बढ़ेगा। यह केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे खेल जगत की सामूहिक विजय है। घोषित परिणामों के अनुसार, वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कंवर निर्वाचित हुए हैं। उपाध्यक्ष पद पर एन.वी. हनुमानथ रेड्डी और सुसंता बिस्व सरमा ने सफलता प्राप्त की है। महासचिव के रूप में रमणंद चौधरी, कोषाध्यक्ष के रूप में हरि सिंह चौहान, जबकि संयुक्त सचिव पदों पर आनंद शंकर राजहंस और कुलदीप वत्स चुने गए हैं। कार्यकारी सदस्य के रूप में बिनॉय जोसेफ, मिथिलेश कुमार सिंह, उत्तम राज, एस. रामदास्से और पार्थ दास को चुना गया है। वहीं जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक प्रो. डॉ. जयप्रकाश ने इस अवसर पर सभी विजयी प्रतिनिधियों को बधाई दी।

# फर्जी वर्क वीजा एजेंसी का भंडाफोड़, मुख्य सरगना सहित दो आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** साइबर सुरक्षा शाखा की टीम व कालांवाली थाना पुलिस ने एक फर्जी वर्क वीजा एजेंसी का भंडाफोड़ करते हुए इस फर्जीवाड़े के मुख्य सरगना सहित दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से 09 मोबाइल फोन, एक लेपटॉप, 26 वीजा कार्ड, भारत व नेपाल के 22 पासपोर्ट, 2 जाली स्टांप, आईडीबीआई बैंक की चेकबुक, ब्रॉडबेंड क्नेक्शन व 22,000 रुपए की नकद राशि बरामद की गई है। आरोपियों की पहचान मुख्य आरोपी शाहबाज हुसैन उर्फ गोरंग उर्फ प्रजापति गोरंग पुत्र मोहम्मद हुसैन उर्फ राजकुमार निवासी मिरा रोड महाराष्ट्र उर्फ झाउ ताला कोलकाता उर्फ जिला पाटन गुजरात हाल ऑफिस सूरत गुजरात व उसके साथी अजय कुमार पुत्र अमर



सिंह निवासी संगम विहार दक्षिण दिल्ली के रूप में हुई है।

साइबर सुरक्षा शाखा प्रभारी उप निरीक्षक ताराचंद व कालांवाली थाना के पीएसआई सतपाल ने बताया कि 17.04.2025 को थाना कालांवाली में प्राप्त शिकायत में शिकायतकर्ता निवासी कालांवाली ने बताया कि वह माल्टा देश में होटल में काम करता है और 4 महीने की छुट्टी पर आया है। जो करीब तीन माह पहले उसने माल्टा से फिनलैंड जाने के लिए वर्क वीजा फिनलैंड फेसबुक पर सर्च किया तो एक व्हाट्सएप नंबर दिखाई दिया।

जिस पर उसने वाट्सएप कॉल की तो उन्होंने वर्क वीजा लगवाने के लिए हां कर दी। जो वर्क वीजा लगवाने की एवज में उन्होंने एक बैंक खाता संख्या वाट्सएप पर भेजी। जिस पर शिकायतकर्ता ने वीजा बनवाने के लिए बारी-बारी से दो लाख 53 हजार रुपए भेज दिए। जब शिकायतकर्ता ने वर्क वीजा लेने की बात कही तो उन्होंने ना तो वर्क वीजा दिया और ना ही पैसे वापिस किए। जिस पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। जिसके लिए पीएसआई सतपाल के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी जिसमें पीएसआई गोपी राम, मुख्य सिपाही अशोक कुमार, सिपाही शिवकुमार व एसपीओ रायसिंह ने तत्परता व कड़ी मशक्कत से कार्रवाई करते हुए साइबर सैल की सहायता से दो आरोपियों को उक्त सामान के साथ काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों शाहबाज हुसैन उर्फ गोरंग उर्फ प्रजापति गोरंग व अजय कुमार को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ करके इस मामले व अन्य वारदातों से जुड़ी जानकारी हासिल की जाएगी।

## 18 ग्राम हैरोइन सहित दो युवक काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एमसी कॉलोनी सिरसा क्षेत्र से दो युवकों को 18 ग्राम 02 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान एमसी कॉलोनी नजदीक स्वामी दयानंद हाई स्कूल के पास मौजूद थी। इस दौरान गली नंबर एक से दो युवक पैदल आते हुए दिखाई दिए। उक्त युवकों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडकर पास में बने घर में घुसने की कोशिश की। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त दोनों युवकों को काबू कर छुपने का कारण पूछा तो दोनों युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में युवकों की तलाशी ली तो लक्की पुत्र रमेश कुमार निवासी गली नंबर 1 एमसी कॉलोनी सिरसा के कब्जा से 8 ग्राम 15 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई जबकि प्रथम पुत्र दीपक कुमार निवासी बजाज स्वीट्स वाली गली हाल किराएदार डीसी कॉलोनी सिरसा के कब्जा से 9 ग्राम 87 मिलीग्राम हैरोइन व 32 हजार 500 रूपए बरामद हुए।

## अवैध शराब के साथ आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** सीआईए स्टाफ डबवाली की टीम ने गांव गंगा से एक युवक को 101 पव्वे नाजायज शराब सहित गिरफ्तार किया है।

सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि आरोपी की पहचान जसकरण सिंह निवासी गंगा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम नियमित गश्त पर गांव मोडी से गांव गंगा की ओर जा रही थी कि गांव गंगा पैट्रोल पंप से थोडा आगे पहुंची तो एक युवक नजर आया जिसकी कंधे पर एक प्लास्टिक का गट्टा था। शक के आधार पर पुलिस ने उक्त लडके को रोककर उसके गट्टे की तलाशी ली तो उसमें से 101 पव्वे नाजायज शराब थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर डबवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## चेक बाउंस मामले में वांछित भगौड़ा गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** सिविल लाइन थाना पुलिस की खैरपुर पुलिस चौकी ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगौड़े को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू किया है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पवन कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासी गांव पनिहारी जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी व्यक्ति को चेक बाउंस मामले में बार-बार नोटिस देने के बाद भी आरोपी अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत द्वारा आरोपी को 22 अप्रैल 2025 को भगौड़ा घोषित किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान सिविल लाइन थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में सिरसा जेल भेजा गया है।

## खेतों से ट्यूबवेल की केबल तार चोरी का आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** डिंग थाना पुलिस ने गश्त के दौरान गांव नरेल खेड़ा स्थित खेतों से करीब एक दर्जन ट्यूबवेलों की केबल तार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को काबू किया है।

कार्यकारी डिंग थाना प्रभारी ने बताया कि गांव नरल खेड़ा निवासी गुरदीप सिंह पुत्र कर्म सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 4 जून 2025 की रात को अज्ञात युवकों द्वारा मेरे व मेरे पड़ोस के खेतों में लगे करीब एक दर्जन ट्यूबवेलों की केबल तार चोरी करके ले गए थे। उन्होंने शिकायत के आधार पर डिंग थाना में ट्यूबवेल की केबल तार चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान डिंग थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सौदागर सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी गांव नरेल खेड़ा को उसी के गांव से काबू कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह नशा करने का आदी है और नशे की पूर्ति के लिए अक्सर केबल तार चोरी कर बेचता है और अपने नशे की पूर्ति करता है। उन्होंने बताया कि डिंग थाना पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर खेतों से चोरी की गई केबल तार की राशि बरामद कर ली हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## बाइक चोरी का आरोपी काबू, चोरीशुदा बाइक बरामद

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** सदर थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को काबू किया है।

सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि गांव बालासर निवासी साहब राम पुत्र रामकिशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 30 मई 2025 को बाइक लेकर शाह सतनाम सिंह सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल सिरसा में आया हुआ था। बाइक को सुबह करीब 9:30 बजे हॉस्पिटल के बाहर गेट पर खड़ा कर अंदर चला गया था। शाम के समय घर जाने के लिए बाइक को देखा तो अज्ञात युवक द्वारा बाइक चोरी करना पाया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर थाना सदर सिरसा में चोरी का उपयोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

## येज्दी एडवेंचर का 2025 एडिशन लांच



**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**

**चंडीगढ़, 08 जून।** जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने येज्दी एडवेंचर के 2025 एडिशन को इंडस्ट्रियल एरिया में तनिष्क ऑटोमोबाइल में लांच किया है। इस अवसर पर तानिष्क ऑटोमोबाइल के प्रबंध निदेशक प्रियभरत मित्तल और जनरल मैनेजर जॉन और जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स के सेल्स मैनेजर हरपुनीत सिंह सहित भारी संख्या में येज्दी मोटरसाइकिल के प्रशंसक मौजूद थे।

यह उन राइडर्स के लिए है जो पहाड़ी रास्तों के सपने देखते हैं, लेकिन रोज शहर के ट्रैफिक में चलते हैं। नया एडवेंचर शानदार ताकत और क्लासिक डिजाइन का बेहतरीन मेल है। 2025 येज्दी एडवेंचर में क्लासिक एडीवी स्टाइलिंग दी गई है, जिसमें आकर्षक ट्विन एलईडी हैडलाइट्स और रैली से प्रेरित विशिष्ट बीक इसे सड़क पर खास बनाते हैं। इसका फ्यूल टैंक येज्दी की एडवेंचर टूरिंग विससत को दशार्ता है। 2025 येज्दी एडवेंचर का आत्मविश्वास से भरा लुक एक ऑल-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर से और मज्जबूत होता है। मोटरसाइकिल कई टैक्नोलॉजी से लैस है, जैसे अलग-अलग रास्तों के लिए इसमें स्विचेबल एबीएस दिया गया है, आत्मविश्वास के लिए ट्रैक्शन कंट्रोल और हर राइड में आराम के लिए एडजस्टेबल विंडशील्ड और र इंस्ट्रूमेंट इंस्ट्रूमेंट कंसोल की खूबी है।

## कंपनी कार्यालय की दराज से 2 लाख की नकदी चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** साहुवाला प्रथम से रघुआना रोड पर एक कंपनी के कार्यालय से 2 लाख रुपए की नकदी चोरी किए जाने का मामला सामने आया है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव छात्र जिला जींद निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह साहुवाला प्रथम में श्री कंस्ट्रक्शन इंजीनियर कंपनी के नाम से बजरी-तारकोल का प्लांट चलाता है। उसने बताया कि रघुआना रोड पर कंपनी का कार्यालय बना हुआ है। कार्यालय में उसने एक कुक नारायण निवासी शिवपुर जिला कपिलवस्तु (नेपाल) को रखा हुआ है। कंपनी कार्यालय में रखी मेज की दराज में उसने दो लाख की नकदी रखी हुई थी। दोपहर को कुक नारायण गांव खुइयां नेपालपुर निवासी रोशन की बाइक लेकर किसी काम से गया था। रात्रि करीब 9 बजे जब वह कार्यालय में आया तो मेज की दराज में रखी 2 लाख रुपए की नकदी गायब मिली। उसे शक है कि उसका कुक नारायण ही नकदी चोरी कर ले गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बस स्टेंड पार्किंग से बाइक चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** स्थानीय बस स्टेंड की पार्किंग से चोर बाइक चोरी कर ले गए।

पुलिस को दी शिकायत में पुरानी हाउसिंग बोर्ड निवासी पीयूष खत्री ने बताया कि बीती 4 जून को वह बस स्टेंड पार्किंग में अपनी बाइक खड़ी कर रिश्तेदारी में चला गया। सुबह जब आकर बाइक संभाली तो गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** गांव ओटू से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

पुलिस को दी शिकायत में गांव ओटू निवासी महिला के पति ने बताया कि बीती 6 जून की सुबह वह काम पर चला गया। घर में उसकी पत्नी व 8 माह का बेटा थे। शाम को जब वह घर आया तो दोनों ही घर में नहीं मिले। उन्होंने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जिंदल राइस मिल्स ने भारत में कुपोषण से लड़ने के लिए, एक फोर्टिफाइड न्यूट्रिशन ब्रांड नॉरिफायमी लॉन्च किया




**हरियाणा वाटिका/प्रवीन कुमार**

**चंडीगढ़, 08 जून।** भारत का पोषणझसंबंधी कायापलट करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जिंदल राइस मिल्स ने आज ह्यनॉरिफायमीह्न के आधिकारिक लॉन्च का ऐलान किया, जो फोर्टिफाइड राइस, फोर्टिफाइड बासमती राइस और फोर्टिफाइड गेहूं के आटे की श्रृंखला पेश करने वाला एक नया उपभोक्ता ब्रांड है। ताज चंडीगढ़ में आयोजित इंडस्ट्री की एक हाई-प्रोफाइल ईवेंट के दौरान यह लॉन्च हुआ। इस समारोह का टाइटल था ह्लअनलॉकिंग मार्केट पोटेंशियलः एडवांसिंग फोर्टिफाइड राइस इन पंजाब ह्व

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब सरकार के माननीय उद्योग एवं वाणिज्य, ग्रामीण विकास एवं पंचायत, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले, निवेश संवर्धन, आतिथ्य एवं श्रम मंत्री श्री तरुणप्रीत सिंह सोंद उपस्थित रहे, जिन्होंने मुख्य भाषण दिया। अपने भाषण में माननीय मंत्री जी ने, राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में खाद्य फोर्टिफिकेशन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

श्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने कहा, "चावल का फोर्टिफिकेशन छिपी हुई भूख के खिलाफ भारत की लड़ाई का एक महत्वपूर्ण घटक है। जैसे-जैसे हम सरकारी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल का वितरण बढ़ा रहे हैं, इसके साथ ही खुदरा उपभोक्ताओं तक इन लाभों को पहुँचाने के लिए इस तरह की पहल बेहद अहम हो जाती है। सार्वजनिक स्वास्थ्य की दिशा में यह दूरदर्शी कदम उठाने के लिए, मैं जिंदल राइस मिल्स की सराहना करता हूँ।"

# सीएम दौरे को लेकर सिरसा को मिल रही आस की सांस, रातों रात भरे जा रहे हैं सडकों के गड्ढे

### साइक्लोथॉन के बाद सीएम के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट। जनसंवाद एवं सीएम विंडो के निपटाने में भी जुटे अधिकारी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 08 जून।** लंबे समय से यह सिरसा की भूमि पर ऐतिहासिक तथ्य रहा है कि जब तक किसी बड़े नेता अथवा मुख्यमंत्री स्तरीय व्यक्ति का सिरसा में आगमन नहीं होता तब तक यहां की व्यवस्था रत्तिभर भी विकास की दिशा में कदमताल नहीं करती। ऐसा ही अब एक बार फिर सिरसा में देखने को मिल रहा है जब मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी आगामी 11 जून को सिरसा में राज्य स्तरीय संत कबीरदास जयंती में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने आ रहे हैं। आलम ये है कि मुख्यमंत्री हरियाणा के आगमन से पूर्व ही स्थानीय प्रशासनिक तंत्र व भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी बार बार न केवल मुख्य स्थल का निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं बल्कि उन सभी स्थानों को चाक चौबंद करने का कार्य किया जा रहा है जहां जहां से मुख्यमंत्री हरियाणा का काफिला गुजरेगा।

**तेजी से हो रहा है पेचवर्क:**

अहम बात यह है कि मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के संभावित रूट के मुताबिक स्थानीय प्रशासन डबवाली रोड, अनाजमंडी रोड, जनता भवन रोड आदि पर सख्ती से पेचवर्क करवा रहा है। विशेष बात यह है कि मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने बीते अप्रेल माह में पूरे प्रदेश में प्रशासनिक तंत्र को आदेश जारी किए थे कि वे 15 जून से पूर्व ही सभी टूटी सडकों के निर्माण व मरम्मत का कार्य करें। अब चूंकि मुख्यमंत्री का सिरसा में कार्यक्रम है, इसलिए प्रशासन की यह मजबूरी ही कहा जाएगा कि वे उपरोक्त स्थानों की टूटी सडकों पर पेचवर्क करवा रहे हैं, अन्यथा शहर के भीतरी अन्य भागों में टूटी सडकों की तरफ कोई ध्यान ही नहीं है। इसे दूसरे





शब्दों में प्रशासन के लिए चुनौती ही माना जा रहा है।

**साइक्लोथॉन में भी भरे गए थे गड्ढेः**

जून माह से पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी का सिरसा में बीते अप्रेल माह में साइक्लोथॉन में हिस्सा लेने का अवसर था, उस दौर में भी प्रशासनिक अधिकारियों ने चतुराई से केवल उन्हीं स्थानों का रखरखाव किया जहां से मुख्यमंत्री ने साइकिलिंग करनी थी। उस समय में बरसों से लालबत्ती चौक से रेलवे फाटक तक की ऊबड़ खाबड़ सडक के दिन भी फिर गए थे जब उसे मरम्मत मिली थी। काबिलेजिक्र है कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने में जहां सिरसा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने अपनी पूरी ताकत झोंकी हुई है, वहीं प्रशासनिक स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त, बीजेपी के वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी सहित तमाम स्थानीय भाजपा नेता व पदाधिकारी भी बार बार आयोजन स्थल का निरीक्षण करने में जुटे हैं। स्थानीय जनता का कहना है कि जितना जोर ये नेता आयोजन स्थल पर मुख्यमंत्री के सामने नंबर बनाने के लिए लगा रहे हैं, यदि इतना ही जोर ये सिरसा की जनता की दुख तकलीफों को दूर करने में लगाते तो शहरवासी स्वर्ग का सा आनंद पा जाते।

**दायरे से बाहर हो चली हैं जन शिकायतें:**

मुख्यमंत्री हरियाणा बेशक सिरसा के विकास को लेकर बार बार बड़े दावे करते रहे हैं मगर वास्तविकता यह है कि ये दावे धरातली हकीकत खो चुके हैं। सिरसा में जनपरिवाद के लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज की ड्यूटी लगाई गई थी, मगर वे पिछले लंबे अरसे से सिरसा में आना ही बंद कर गए। साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणाओं की पूर्ति के लिए भी कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आती। सीएम विंडो एवं समाधान शिविर में भी सिरसा के लोगों की असंख्य शिकायतों का ढेर मौजूद है, जिसे स्थानीय अधिकारियों ने कभी गंभीरता से लिया ही नहीं। ऐसे में आमजन का शासन के प्रति बढ़ रहा आक्रोश सीएम हरियाणा के संज्ञान में है और ऐसी संभावना भी है कि वे अपने सिरसा प्रवास के दौरान ऐसी योजनाओं की समीक्षा भी कर सकते हैं। इसी स्थिति को देखते हुए सीएम विंडो से संबद्ध लोग अब उन तमाम लोगों से संवाद कर रहे हैं जिनकी सीएम विंडो पर शिकायत तो अवश्य लगी है मगर उन्हें अभी तक समाधान नहीं दिया जा सका है। प्रशासन चाहता है ऐसे लोगों को अपने विश्वास में लेकर उनकी शिकायतों का पटाक्षेप करवा दें ताकि शासन के शीर्ष स्तर पर उनकी भूमिका महत्वपूर्ण बनी रह सके।

# जिला नागरिक अस्पताल में हुई अनोखी डिलीवरी– महिला ने एक साथ दिया 4 बच्चों को जन्म

## दो लडके-दो लड़कियां, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ





**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 08 जून।** शहर के नागरिक अस्पताल में एक अनोखा डिलीवरी का मामला सामने आया है, जिसमें गांव टीटूखेड़ा निवासी 24 वर्षीय रज्जो पत्नी सोनू ने एक साथ 4 बच्चों को जन्म दिया है। इनमें दो लडके और दो लड़कियां शामिल हैं। यह उनकी पहली डिलीवरी थी, जो 14 मई को नागरिक अस्पताल सिरसा में सिजेरियन ऑपरेशन के जरिए कराई गई। डिलीवरी के बाद अब सभी बच्चे और मां रज्जो पूरी तरह से स्वस्थ हैं तथा परिवार में खुशी का माहौल है। अब बच्चों की दादी और परदादी के साथ नानी भी बच्चों की देखभाल में जुटी हुई है। नागरिक अस्पताल सिरसा के गायनोकॉलोजिस्ट डॉ. राहुल गर्ग ने बताया कि यह केस काफी चुनौतीपूर्ण और खास रहा। क्योंकि डिलीवरी काफी रिस्की थी। वहीं बच्चों के पिता सोनू ने कहा हमारे लिए ये किसी चमत्कार की तरह है। हम में से किसी को भी इसकी उम्मीद नहीं थी, परिवार में सब खुश हैं। सिरसा के गांव टीटू खेड़ा निवासी सोनू की शादी ऐलनाबाद के केसुपुरा गांव की रज्जो के साथ 25 मार्च 2024 को हुई थी। सोनू खेतीबाड़ी और मजदूरी का काम करता हैं। सोनू के परिवार में 6 सदस्य हैं, जिनमें पत्नी रज्जो, मां राज रानी, भाई कर्ण, बहन सुनीता और दादी गुड्डी देवी। पिता की कुछ सालों पहले मौत हो चुकी है। सोनू ने बताया की प्रेग्नेंसी के तीसरे महीने वह रज्जो को सिरसा के सरकारी अस्पताल में ले गए थे, जहां पर चिकित्सकों ने अल्ट्रासाउंड के बाद बताया था कि तीन बच्चे हैं। लेकिन चिकित्सकों की बातों पर सोनू सहित परिवार को यकीन नहीं हुआ। जिसके पश्चात उन्होंने शहर में दो-तीन निजी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड कराया। जहां चिकित्सकों ने तीन नहीं चार बच्चे होने की बात कहकर उनकी धडकने और बढा दी और मां की देखभाल और परहेज रखने की सलाह दी।

**पति ने दिया हौसला तो सास ने बढाई हिम्मतः**
चार बच्चों को जन्म देने वाली रज्जो ने बताया कि जब चार बच्चों का पता चला तो पूरा परिवार उनकी देखभाल में जुट गया। सास राज रानी ने तो साफ कह दिया कि बेटा तू अपना ध्यान रख, बच्चों की चिंता मत करना उन्हें हम संभाल लेंगे। रज्जो ने बताया कि उनके पति ने भी इस मुश्किल दौर में उसका पूरा साथ देते हुए हर समय उसका हौसला बढाया। बच्चों के जन्म के बाद अब भी परिवार के सभी सदस्य रज्जो का पूरा ध्यान रख रहे है। कोई बच्चों को सुला रहा है तो कोई चुप करा रहा है, उधर रज्जो देवी वहीं पर आराम कर रही हैं। सोनू ने बताया कि चारों बच्चे अलग-अलग हैं। चाहे उनकी एक्टिविटी हो या भूख लगने का समय। कभी कौन-सा कभी कौन-सा बच्चा भूख पर रोने लगता है। इस समय गर्मी भी ज्यादा है तो पांच सदस्य इन बच्चों को खिलाने के लिए हर समय रहते हैं। गर्मी का मौसम है इसलिए बच्चों के लिए घर में कूलर भी लगवा दिया गया है।

**बच्चे 20 दिन तक रहे नर्सरी में:**
डिलीवरी होने के बाद रज्जो को तो 3 दिन बाद डिस्चार्ज कर दिया था, लेकिन बच्चों को अस्पताल की ही नर्सरी में रखा गया था। परिवार के आधे लोग घर पर रज्जो की देखभाल कर रहे थे तो आधे अस्पताल में ही रातें बिता रहे थे। नागरिक अस्पताल के गायनोकॉलोजिस्ट डॉ. राहुल गर्ग ने बताया कि सोनू और उनका पूरा परिवार 14 मई को रज्जो को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंच गया था। डिलीवरी भी इस दिन होनी थी, इसलिए उनका पूरा परिवार दुआ कर रहा था कि सब कुछ नॉर्मल हो जाए। वहीं रज्जो के अस्पताल में पहुंचने पर पूरा अस्पताल स्टाफ काफी एक्साइटेड था, क्योंकि ये काफी यूनिक केस था।

उन्होंने बताया कि 14 मई को ही सिजेरियन डिलीवरी हुई। डिलीवरी के वक्त ब्लीडिंग ना रुकने से ओटी में सब डर गए थे। हालांकि बाद में ब्लीडिंग रुक गई तो सबने राहत की सांस ली। डॉक्टर ने बताया कि जैसे ही हमने परिवार को ओटी से बाहर आकर बताया कि सबकुछ ठीक है और मां के साथ बच्चे भी ठीक हैं, तो परिवार के सभी सदस्यों की आंखों में खुशी के मारे आंसू टपकने लगे। डॉ. राहुल गर्ग ने बताया कि ऐसे केस में मां या फिर शिशु की जान पर खतरा रहता है। एक मां पर चार बच्चों का चार गुना दबाव हो जाता है, इसलिए डिलिवरी रिस्की होती है।

## जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में भारतीय योग संस्थान ने लहराया परचम



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार, आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, आयुष, खेल एवं शिक्षा विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं में भारतीय योग संस्थान के साधकों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के 40 वर्ष से ऊपर आयु के दो वर्गों में कुल 6 में से 3 स्थानों पर विजय प्राप्त कर संस्थान का परचम लहरा दिया। पुरुषों के 40 से 60 वर्ष आयु वर्ग में संस्थान के साधक शिव कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुषों के ही 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में संस्थान के अर्जुन योग जिला प्रधान मनीराम सैनी ने प्रथम तथा प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने तृतीय स्थान प्राप्त करके संस्थान का नाम ऊंचा किया। कुरुक्षेत्र में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा योग आयोग के कर्मठ एवं ऊर्जावान चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य, वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल, सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, जिला योग समन्वयक डॉ जागीर सिंह सहित महानुभावों ने मेडल पहना कर तथा प्रमाण पत्र देकर संस्थान के विजयी साधकों को सम्मानित किया। संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने कहा कि वे अपनी विजय का श्रेय संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय स्वर्गीय प्रकाश लाल तथा उन सभी अधिकारियों, कार्यकताओं, योग शिक्षकों व साधकों को देते हैं जिनसे उन्होंने योग सीखा है और निरंतर सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय योग संस्थान जैसी पवित्र संस्था के साथ जुड़कर उन्हें गर्व है क्योंकि यहां उन्हें योग के ईश्वरीय कार्य के माध्यम से निष्काम सेवा करने का सुअवसर प्राप्त होता है।

## कैदियों द्वारा बनाए गए सामान की लगाई प्रदर्शनी

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सहयोग से जिला कारागार के कैदियों द्वारा कुरुक्षेत्र जेल के पैट्रोल पंप पर कैदियों द्वारा बनाए गए सामान की प्रदर्शनी लगाई गई है। डीएलएसए की सीजेऐम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज ने बताया कि कैदियों ने अपने हुनर के द्वारा इस प्रदर्शनी में सामान तैयार किया है। अगर कोई भी इस सामान को खरीदना चाहता है, तो वह जेल फिलिंग स्टेशन से खरीद सकता है।

## सरस्वती सेवा समिति सदस्य पंकज अरोड़ा और सीएम के मीडिया कोआर्डिनेटर तुषार सैनी का किया नागरिक अभिनंदन



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरकार की तरफ से पवित्र सरस्वती नदी की धारा को फिर से धरा पर प्रवाहित करने के लिए आदिबद्री में भव्य और विशाल डैम का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर सरकार की तरफ से करीब 300 करोड़ का बजट भी खर्च किया जाएगा। वे रेलवे रोड़ पर होटल पर्ल मार्क में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले फोटोग्राफर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र जिला सचिव सचिन अनेजा, कैशियर विनोद सैनी, इंसानियत संस्था की तरफ से कर्ण सैनी, आशु, दिनेश, जन सहयोग जितेंद्र श्योकंद, प्रेरणा प्रधान रेणु खुंग्गर, श्रुति, हरिकेश पापोसा, विश्व हिंदू परिषद प्रो विवेक शर्मा, परमजीत कालिया, बीजेपी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक डॉ. ऋषिपाल मथाना, फीनिक्स क्लब डॉ. राजेश वधवा, डॉ. बी आर अम्बेडकर सेवा समिति बिशनगढ़ प्रधान बलबीर सिंह, महासचिव राजकुमार, सचिव रविन्द्र कंडेरा, मेंबर मदन लाल, सरपंच अमित कुमार, बल्ड डोनर्स संस्था सुमित खत्री, बीजेपी पूर्व मीडिया प्रभारी विनीत क्वात्रा, एसपी कुरुक्षेत्र पीआरओ नरेश सागवाल, बीजेपी थानेसर मंडल प्रधान विवेक रावत, डा. सुरेश शर्मा आयुष विश्वविद्यालय, डॉ. पंकज कुमार आयुष विश्वविद्यालय, स्थानु सेवा मंडल प्रधान विनोद अरोड़ा, सर्व समाज कल्याण सेवा समिति रामेश्वर सैनी, सरस्वती कॉलोनी वेलफेयर समिति, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संस्कार भारती, भारतीय योग संस्थान सहित गणमान्य लोगों ने हरियाणा सरस्वती सेवा समिति सदस्य पंकज अरोड़ा और मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर तुषार सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण जिले में करवाई जा रही हैं योग प्रतियोगिताएं: डॉ. राम अवतार सिंह

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सोनीपत, 08 जून।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन की दिशा में संपूर्ण जिले में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में रविवार को एस.एम. हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोनीपत में जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा, आईएएस तथा उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार, आईएएस के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग, खेल विभाग और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को ब्लॉक स्तर पर आयोजित की गई योग प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों की जिला स्तर पर प्रतियोगिता करवाई गई। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न स्थानों पर भी योग अभ्यास सत्र आयोजित किए गए।

## करनाल का दिव्यांश नासा मिशन में करेगा भारत का प्रतिनिधित्व

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 08 जून।** करनाल के होनहार छात्र दिव्यांश कौशिक ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। दिव्यांश का चयन अमेरिका के प्रतिष्ठित यूनाइटेड स्पेस स्कूल में हुआ है, जहां वह 25 देशों से आए 44 मेधावी छात्रों के साथ मिलकर मंगल ग्रह पर मानव मिशन की योजना पर काम करेगा। यह कार्यक्रम 15 दिनों तक चलेगा और दिव्यांश इसमें भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। दिव्यांश ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय परिवार और स्कूल के सहयोग को दिया है। उन्होंने बताया कि उनका सपना एरोनॉटिकल इंजीनियर बनने का रहा है और यह चयन उनकी मंज़िल की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य चौक देवीलाल चौक पर बने गहरे गड्ढे, राहगीरों को हो रही परेशानी

## -अधिकारी बने पंगु, लोगों में रोष

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 08 जून।** राष्ट्रीय राजमार्ग 709 ई स्थित मुख्य चौक देवीलाल चौक प्रशासन व अधिकारियों की अनदेखी का शिकार बना हुआ है। बारिश से देवीलाल चौक की सडक में तमाम गहरे गड्ढे बन गए हैं। वहीं सड़क में बने गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों व वाहन चालकों को हादसों का डर बना रहता है। मजे की बात है कि यह चौक शहर के बीचोंबीच स्थित है और इस मार्ग से शहर के प्रशासनिक अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है परंतु फिर भी प्रशासन व अधिकारी पंगु बने हुए हैं। शहरवासियों व राहगीरों ने सडकों को दुरुस्त करवाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि रविवार को शहर की चार मुख्य सडकों देवीलाल चौक, सूरजगढ़ रोड़, फरटिया रोड़, पिलानी रोड़ का जायजा लिया गया तो चारों सडकों पर सैंकड़ों से अधिक छोटे-बड़े



गड्ढे मिले। सभी जगहों पर गड्ढों में पानी भरा मिला। इसके चलते वाहन चालक परेशान नजर आए। शहरवासियों और वाहन चालकों से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि इस समय शहर की सडकों से गुजरना दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरे से खाली नहीं है। प्रशासन को तत्काल इस तरफ ध्यान देना चाहिए। एचएच 709 ई पिलानी-जयपुर की ओर जाने वाली सडक के साथ पाइपलाइन बिछाने के बाद यहां मरम्मत कार्य के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। उखाड़ी गई सडक जस की तस पड़ी है जिसके चलते बारिश का पानी यहां पर आकर जमा हो जाता है। पिलानी को जाने वाली मुख्य सडक की हालत भी काफी दयनीय है। सडक पर बने गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसे का सबब बना हुआ है। थोड़ी बारिश होने पर ही सडक पानी से लबालब हो जाती है। यहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालक अक्सर यहां गिरकर घायल होते रहते हैं। करीब 400 मीटर लंबे मार्ग से प्रतिदिन करीब पांच हजार से ज्यादा लोगों को आवागमन होता है। इसके अलावा सूरजगढ़ सडक मार्ग पर रेलवे फाटक के पास बने गड्ढ़े और फरटिया रोड़ पर बने गड्ढ़े भी कम नहीं हैं जो आए दिन हादसों को दावत दे रहे हैं। प्रशासन है कि सुनने को तैयार नहीं है। भाजपा के शासन में प्रशासनिक अधिकारियों को बोलबाला है कोई भी अधिकारी लोगों की समस्या को लेकर संजीदा नहीं है जिसको लेकर लोगों में रोष है।

एनएच 709 ई के जेई जितेंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक सप्ताह में देवीलाल चौक के क्षतिग्रस्त सडक मार्ग को ठीक करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवीलाल चौक पर इंटरलॉक बिछाई जाएंगी और इसके लेवल को उंचा किया जाएगा ताकि बारिश का पानी सडक पर जमा न हो सके।

## धनाना गांव में दोहरा हत्याकांड : बाप ने ही अपने बेटे व बेटी को उतारा मौत के घाट



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 08 जून।** जिला के धनाना में आज के दिल दहला देने वाली घटना घटित हुई। एक पिता ने अपनी ही बेटी और बेटे की हत्या कर दी। आरोपी सुभाष ने पहले अपने दोनों बच्चो को नशे की दवाई दी और फिर बाद में फाँसी पर लटका दिया। खुद भी उसने सल्फास की गोली खाकर जान देने की कौशिक की लेकिन घर में भतीजे के आने के बाद उसने परिजनों को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। सुभाष की हालत भी नाजुक है।
वी ओ सुभाष के अनुसार उसकी पत्नी की मौत कुछ दिन पहले हुई थी। जिसके लिए उसने अपनी माँ को जिम्मेदार बताया है। उसने बताया की उसने अपनी पत्नी के वियोग में ऐसा कदम उठाया है। सुभाष ने बताया की उसने ही अपने दोनों बच्चो को मारा है और खुद भी सल्फास खाई है। थाना सदर प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कई मामले की जाँच की जा रही है दोनों बच्चो की हत्या खुद उसके पिता ने ही की है।

## कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से पंडित नेकीराम शर्मा को दी श्रद्धांजली




**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 08 जून।** महान स्वतंत्रता सेनानी हरियाणा केसरी पंडित नेकीराम शर्मा की 69वीं पुण्यतिथि पर निजी विश्राम गृह में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित नेकीराम शर्मा चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्पित कर श्रद्धांजली देकर किया गया। कवि सम्मेलन में उपस्थित कवियों ने अपनी रचनओं के माध्यम से महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कवि पवन कुमार सैनी ने मां के उपर अपनी रचना जिस आंचल में जीवन बैठा, वो आंचल मोड़ के चली गई। कवि डा. महेश सागर ने जन हित में तत्पर रहते जो सुबह और शाम थे, देश प्रेमी हरियाणा केसरी पंडित नेकीराम थे। डा. मनोज भारत ने दोहों के माध्यम से समा बांध दिया। कटे न जब तक बेडि?ा, किया नहीं विश्राम, जोश-होश के मेल को कहते नेकीराम। धर्मवीर शर्मा मुशाफिर ने संकल्पों से उर्जित होकर आओ हम यह प्रण उठाएं मानवता का मरहम लेकर जन-गण-मन की पीर मिटाएं। विकास यश कीर्ति के गीत के बोल इस प्रकार रहे- बिगड? भी नहीं देता, संवरने भी नहीं देता, वो मुझको तोड़ता है पर बिखरने भी नहीं देता। प्रो. श्याम वशिष्ठ ने भारत मां के सच्चे सपुत पंडित जी को शतकोटी नमन, थे आजादी के अगरदुत पंडित जी को शतकोटी नमन। डा. शिवकांत शर्मा ने हरियाणवी हास्य गजल से श्रोताओं को यु गुदगुदाया-बेटे से नू बोला बाबू, क्यों दुख पावै बाबा बन जा, रही नहीं इब शर्म किसी कै, क्यों शमावैं बाबा बन जा। डा. पुरूषौतम पुष्प ने हम सबके थे प्यारे बाबा, सारे जग से न्यारै बाबा बाल कविता सुनाई। डा. रमाकांत शर्मा की कविता के बोल इस प्रकार रहे पंडित नेकीराम शर्मा अमर सैनानी थे, पूरे भारत की वो अमिट निशानी थे। चिड़ावा से आए कवि नगेन्द्र शर्मा निकुंज ने अपनी ओज पूर्ण रचना इस प्रकार पढ़ी मां का अभिषेक लहु से करके अमर लोक को चले गए, फरिश्ते बनकर आए थे देकर शोक चले गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक डा. शिवशंकर भारद्वाज, कामरेड औमप्रकाश, रीतिक वधवा आदि मुख्यरूप से उपस्थित

# सरकार के लगातार प्रयास से तीन दशक से अटका बुढ़वाल नहर का निर्माण कार्य शुरू

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार कर रहे थे फोलो अप। राजस्थान के साथ सटे इलाके में पहुंचेगा पानी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**नारनौल, 08 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से पिछले तीन दशक से अटका पड़ा बुढवाल सब माइनर का कार्य अब शुरू हो गया है। अंतिम टेल तक पानी पहुंचाने की यह हरियाणा सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।
दरअसल बुढवाल सब माइनर के निर्माण का कार्य 1995 के बाद से अटका हुआ था। जिला प्रशासन और सरकार के लगातार प्रयास से अब यह कार्य सिरे चढ़ा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री लगातार चंडीगढ़ में बैठकर इस मामले को फोलो अप करते रहे और आखिरकार यह कार्य शुरू हो गया। पिछले माह भी उन्होंने इस संबंध में सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाकर इस मामले को जल्द सिरे चढ़ाने के निर्देश दिए थे।
सिंचाई विभाग के जवाहर लाल नेहरू जल सेवाएं परिमंडल नारनौल के तहत आने वाले महेंद्रगढ़ जल सेवाएं मंडल नारनौल के अधीन नांगल चौधरी क्षेत्र की महत्वपूर्ण नोलपुर नहर के किलोमीटर 27.142 के दाएं तरफ से दताल माइनर निकलती है । दताल माइनर के किलोमीटर 2.150 के बाएं तरफ से बुढवाल सब माइनर निकलती है। इस बुढवाल सब माइनर के निर्माण के लिए मार्च 1990 व मई 1990 में सैक्सन 4 व 6 के तहत भूमि अधिग्रहण की गई थी। इसके बाद मई 1992 में अवार्ड घोषित किया गया था। इस नहर की कुल लंबाई लगभग 7.600 किलोमीटर है जिसमें से लगभग 4.100 किलोमीटर नहर का निर्माण कार्य वर्ष 1992-1995 में पूरा कर लिया गया था। उस दौरान गांव बुढ़वाल की सीमा में ग्रामीणों ने नहर का निर्माण कार्य नहीं करने दिया और तब से लेकर अब तक ये निर्माण कार्य लंबित था।
समय के साथ-साथ राजनीतिक परिस्थितियां बदल गई और इस बकाया नहर निर्माण के कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए सीएम के निर्देश पर विभाग ने फिर से कोशिश की। प्रभावित लोगों ने न्यायालय में कार्य रुकवाने के लिए केस दायर कर दिया लेकिन न्यायालय ने इस मामले को प्रथम दृष्ट्या ही खारिज कर दिया।
उसके बाद विभाग ने उपायुक्त डॉ विवेक भारती से अनुरोध करके ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करवाकर दिनांक 28 मई 2025 को सरकारी मशीनरी व शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस विवादित जमीन पर अपना कब्जा ले लिया। इसकी पैमाइश 5 जून 2025 को पूर्ण करके नहर का बकाया कार्य प्रारंभ कर दिया है।
सिंचाई विभाग के एसई राजेश खत्री ने बताया कि इस कार्य के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के सैकड़ो एकड़ रकबा में सिंचाई होगी जो कि क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी और क्षेत्र की तस्वीर बदलने में निर्णायक सहायक होगी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में कम बारिश होने की वजह से भूमिगत जल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है जिसमें इस कार्य के उपरांत सुधार होने की एक उम्मीद जगी है।
इस विषय में विभाग के उपमंडल अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस कार्य का आवंटन रण सिंह ठेकेदार को 18 जून 24 को हुआ था जिसको पूरा करने की समय अवधि 12 जनवरी 2025 थी लेकिन इन अडचनों की वजह से उपरोक्त कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाया जिसके लिए विभाग ने इकरारनामा में परिवर्तन करके ठेकेदार को आगामी 6 महीना में इस बकाया नहर के कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी के अनुयायियों ने किया योगासन एवं प्राणायाम

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 08 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर होने वाले 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम को लेकर धार्मिक एक सामाजिक संस्थाओं ने भी योगाभ्यास शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में हुडा पार्क में ब्रह्मकुमारी आश्रम से अनुयायियों ने बीके बहन सुमित्रा के सानिध्य में योगासन एवं प्राणायाम किया।
उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को भीम स्टेडियम में जिला स्तरीय योगासन एवं प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा उप मंडल और खंड स्तर पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं



से भी आह्वान किया है कि वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों में शामिल हों। इसी के चलते डीसी महावीर कौशिक ने भी जिले की सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से योग दिवस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। इसी कड़ी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम से बीके बहन सुमित्रा के सानिध्य में योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने का एकमात्र माध्यम नियमित रूप से योगासन एवं प्राणायाम है। उन्होंने अनुयायियों से अपील की कि वे 21 जून को होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लें। इस मौके पर बीके कीर्ति, श्वेता, मीनू, राजेश, सुनील, मनोज, हेमराज, पूनम, द्रोपती, संतोष और सुनीता सहित अनेक नागरिकों ने योगासन एवं प्राणायाम किया।

## संपादक की कलम से

# सीडीएस-सीजेआई के विदेशी धरती पर महत्वपूर्ण बयान

भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरूआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फीसदी समय फर्जी खबरों से निपटने में लगा।

हम अक्सर नेताओं के भाषण सुनते हैं जिनमें लगभग सभी का यही दावा होता है कि वे जो कह रहे हैं वही जनता के हित में है। अवसर मिलते ही वे हर मुद्दे पर बोलते हैं। फिर चाहे उस मुद्दे पर इनका ज्ञान लगभग शून्य ही क्यों न हो। ऐसे में देखा गया है कि विशेषज्ञ और बड़े पदों पर बैठे बुद्धिमान और जिम्मेदार दिमाग ज्यादातर चुप्पी साध लेते हैं क्योंकि वे जब भी बोलते हैं सत्ता के पि या तो समझ नहीं पाते या फिर उन्हें इस तरह घेरते हैं जैसे उन्होंने कोई देश विरोधी बात कह दी हो, गुनाह कर दिया हो। वही घिसे-पिटे चेहरे टीवी चैनलों पर आकर उन्हें दोषी ठहराने लगते हैं। कई गंभीर मुद्दे यहां 'ऐलिस इन वंडरलैंड। की तरह खो जाते हैं। सियासी दलों को भले ही तुरंत लाभ मिल जाता है लेकिन देश हित में कोई सार्थक विचार कभी आगे नहीं बढ़ पाते। शायद यही वजह है कि विशेषज्ञ देश के भीतर कुछ बोलने में हिचकते हैं लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलने का अवसर मिलता है तो वे बेहद सधे हुए ढंग से अपनी बात रखते हैं क्योंकि बड़े मंचों पर आप केवल 'पॉलिटिकली मोटिवेटेड+ नहीं हो सकते। वहां आप अपने विषय के विशेषज्ञ हैं। इस सप्ताह देश के दो बड़े ओहदों से देश के बाहर से जरूरी बातें सामने आई हैं जिसे सबको सुनना चाहिए। ये दो आवाजें हैं-भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की।

भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरूआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फीसदी समय फर्जी खबरों से निपटने में लगा। सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में बोलते हुए जनरल ने कहा कि-भारत की रणनीति तथ्यों पर आधारित रही, फिर भले ही जवाब देने में थोड़ी देरी हुई हो। उन्होंने कहा कि इससे साफ होता है कि भारत को सूचना युद्ध (इनफार्मेशन वारफेयर ) के लिए एक अलग और विशेष शाखा की जरूरत है। जनरल चौहान ने कहा कि आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो बिना लड़ाई के लंबे समय तक सेना को तैनात करना बहुत महंगा पड़ता है। इसलिए भारत ऑपरेशन के बाद जल्दी से डिसइंगेज कर लेता है। लंबे युद्ध देश के विकास में बाधा डालते हैं और यह बात दुश्मन भी जानता है। जनरल चौहान ने शनिवार (31 मई) को सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग में ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर जो बातचीत की उसे ऑपरेशन सिंदूर पर दी गई बेहद दुर्लभ लेकिन आधिकारिक जानकारी माना गया है। अजीब यह है कि ऐसे संवाद अब देश के भीतर सुनने को नहीं मिलते, जैसे कोई सुनियोजित ढंग से इसे खत्म करना चाह रहा हो।

**उनकी तीन खास बातों में पहल.**

दिन भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान खोने का जिक्र भी था। जनरल चौहान ने पहली बार यह स्वीकार किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर। की पहली रात भारतीय वायुसेना के कुछ लड़ाकू विमान नष्ट हो गए थे। उन्होंने इन 'प्रारंभिक नुकसानों। के लिए रणनीतिक चूक को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने विमान गिरे थे। उन्होंने पाकिस्तान के उस दावे को 'पूरी तरह गलत। कहा जिसमें छह भारतीय फाइटर जेट्स को मार गिराने की बात कही गई थी। जनरल चौहान ने जोर दिया कि संख्या नहीं, बल्कि यह समझना जरूरी है कि ये नुकसान क्यों हुए और उनसे कैसे सबक लिया गया। इन नुकसानों के बाद, भारतीय वायुसेना ने लगभग दो दिन तक अपने सभी फाइटर जेट्स की उड़ानें रोक दी थीं। इस दौरान रणनीति की समीक्षा की गई और सुधार किए गए। ब्लूमबर्ग से बातचीत में जनरल चौहान ने कहा, 'हमने यह समझा कि हमने किस स्तर पर टैक्टिकल गलती की थी। उसे ठीक किया, उसमें सुधार किया और दो दिन बाद फिर से सभी विमान उड़ाए और लंबी दूरी से लक्ष्य साधा।। इस रणनीतिक विराम से वायुसेना को फिर से संगठित करने और पाकिस्तान के भीतर गहराई तक सटीक हमले करने का मौका मिला। एक और बात जिससे पाकिस्तान को 'कट्टर दुश्मन। बताने का भारतीय मीडिया का नैरेटिव खराब होता है, वह भी जनरल चौहान ने कही कि तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद दोनों देशों ने संयम और समझदारी दिखाई। किसी भी पक्ष ने स्थिति को परमाणु युद्ध की ओर नहीं बढ़ने दिया। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने कहा,- 'ऑपरेशन सिंदूर के हर चरण में दोनों पक्षों ने सोच-समझकर और जिम्मेदारी से कदम उठाए।। उन्होंने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना को 'बहुत दूर की बात। कहकर खारिज किया और यह भी बताया कि दोनों देशों के बीच संवाद के रास्ते खुले रहे, जिससे संकट को नियंत्रित किया जा सका। होना तो यह चाहिए था कि इन गंभीर बातों को गंभीरता से लिया जाता लेकिन देश के जिम्मेदारों की रुचि तो तीनों सेना प्रमुखों को आईपीएल मैच देखने के लिए न्यौता देने में (जिसे स्वीकार नहीं किया गया) रही, कर्नल सोफिया कुरैशी के परिवार से सरकार पर फूल बरसवाने में और मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री की सुनें तो यह बताने में रही कि 'देश की सेना भी हमारे नेता के चरणों में नतमस्तक है।। अफसोस कि देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रतिबद्धता के साथ जीने वालों की शान के खिलाफ आए इस बयान पर कोई सशक्त प्रतिकार सत्ता पक्ष की ओर से नहीं आता।

बहरहाल जनरल चौहान की टिप्पणियों के बाद अब मोदी सरकार से यह मांग उठनी शुरू हो गई है कि ऐसे संवेदनशील मामलों पर आधिकारिक रूप से और ज्यादा पारदर्शिता बरती जाए, क्योंकि यह अहम खुलासे देश के बाहर, विदेशी धरती पर किए गए थे।

# क्या ब्रेड खाने से कब्ज होती है? एक्सपर्ट्स से जानें

अगर आप रोजाना ब्रेकफास्ट में ब्रेड खाते हैं तो यह खबर आपके लिए काम की हो सकती है. अब ब्रेड कई तरह की आने लगी है. सामान्य तौर पर ब्रेड को मैदा डाला जाता है. सफेद ब्रेड में फाइबर भी न के बराबर होता है. इसके अलावा ब्रेड के बासी होने पर भी कई तरह के नुकसान होते हैं. लेकिन क्या ब्रेड खाने से कब्ज हो सकती है. ये सेहत के लिए कितना खतरनाक है? इस बारे में एक्सपर्ट्स से जानते हैं. ब्रेड खाना सामान्य तौर पर सुरक्षित ही माना जाता है. कहा जाता है कि ब्रेड पचने में आसान होती है, जिससे पेट संबंधी बीमारियां होने की आशंका कम ही रहती है. अक्सर बीमार होने पर लोग रोटी की जगह ब्रेड खाने लगते हैं. लेकिन मेडिकल साइंस इन बातों को सही नहीं मानती है.

**ब्रेड बन सकता है कब्ज का कारण**

दिल्ली के राजीव गांधी अस्पताल में एडिशन प्रोफेसर डॉ अजीत जैन बताते हैं कि ब्रेड में फाइबर न के बराबर होता है. जिससे पाचन तंत्र प्रभावित होता है. फाइबर खाने को पचाने में मदद करता है. जिससे मल त्याग करने में आसानी होती है. फाइबर की कमी से मल त्याग करने में मुश्किल हो सकती है. यदि आप नियमित रूप से ब्रेड खाते हैं तो शरीर को पर्याप्त फाइबर नहीं मिल पाता है, जिसके कारण भोजन पचने में परेशानी होती है और कब्ज की शिकायत हो सकती है. नियमित रूप से ब्रेड खाने से पाचन तंत्र भी कमजोर होता है. इसके अलावा ब्रेड के कारण पेट फूलने, गैस और एसिडिटी की भी समस्या होती है.

**क्या ब्रेड कैंसर का बन सकता है कारण**

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसन के मुताबिक, ब्रेड की खपत और कैंसर को लेकर कई तरह की रिसर्च की गई है, लेकिन ब्रेड का पेट या अन्य किसी कैंसर के होने से सीधा संबंध नहीं पाया गया है. ऐसा नहीं है कि जो लोग ब्रेड खाते रहे हैं उनको इससे कोई विशेष प्रकार का कैंसर हुआ है, हालांकि ब्रेड कब्ज का कारण जरूर बन सकता है.

**ब्राउन ब्रेड खा सकते हैं या नहीं**

डॉ मानसी बताती हैं कि अगर आपको ब्रेकफास्ट में ब्रेड खाने की आदत है तो ब्रेड के चयन में सावधानी बरतें. सफेद ब्रेड की जगह ब्राउन ब्रेड खा सकते हैं. ब्राउन ब्रेड आटे की बनी होती है और उसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है.

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरें

**- ललित गर्ग -**




सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई। विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा।ह्व थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं।

4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और ह्यजी हुजूरह्व करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी।

आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो ह्वदुष्प्रचारह्व ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो ह्वकीचड़ स्नानह्व कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं।

बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि ह्वहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैंह्व उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ये अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

प्रेषकः
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# एक और भगदड़, अब जनता ही सावधान रहे



बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का स्वागत कार्यक्रम एक बड़े हादसे का शिकार हो गया। एक तरफ स्टेडियम के भीतर जश्न चल रहा था और दूसरी तरफ स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ उमड़ी थी, जिसे संभालने में पुलिस नाकाम रही और नतीजा भगदड़ के रूप में सामने आया। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई।

बताया जा रहा है कि 30-35 हजार की क्षमता वाले स्टेडियम में समाने के लिए करीब ढाई-तीन लाख लोग आ गए थे। इस घटना ने एक बार फिर भारत में बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की गंभीर समस्या को उजागर किया है। इससे पहले इसी साल महाकुंभ, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन और उससे पहले हाथरस में ऐसी ही भगदड़ें हुई थीं, जिनमें बड़ी संख्या में मौतें हुईं। इन मौतों का सही आंकड़ा कभी सामने नहीं आता, कभी यह पता नहीं चल पाता कि दोषियों की शिनाख्त हुई या नहीं, उन्हें सजा मिली या नहीं और न ये पता लगता है कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई नीति बनाई जाएगी या नहीं। अगर ऐसा होता तो हर दो-चार महीने में भगदड़ के हादसे नहीं होते।

दरअसल हिंदुस्तान में आम आदमी की जान की कोई कीमत ही नहीं रह गई है। बाढ़, बारिश, लू, ठंड, कुपोषण, इलाज न मिलना, सड़क हादसे, भगदड़ वजह कोई भी हो सकती है, लेकिन हर साल ऐसे ही किसी बहाने की आड़ में सैकड़ों जिंदगियां अकाल मौत का शिकार होती हैं। ऐसी मौतों पर सरकारों को कितना अफसोस होता है, यह तो कहा नहीं जा सकता, अलबत्ता इन पर राजनीति खूब होती है। शायद इसलिए इन्हें रोकने की कोई कोशिश भी नहीं होती। वर्ना बाढ़, बारिश, गर्मी सबकी भविष्यवाणी पहले से मौसम विभाग कर देता है, तो सरकारें उस हिसाब से व्यवस्था कर सकती है ताकि लोगों को कम से कम तकलीफ हो। इसी तरह अस्पतालों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर व्यवस्था चाक-चौबंद करके हादसों को रोका जा सकता है। अब तो आपदा प्रबंधन विभाग भी है। लेकिन फिलहाल देश में आपदा प्रबंधन आग लगने पर कुआं खोदने की तर्ज पर काम करता है।

बंगलुरू मामले में गनीमत इस बात की है कि यहां कांग्रेस की राज्य सरकार मुंह छिपाती नहीं फिर रही है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सब मीडिया के सामने आकर अपनी बात कह रहे हैं, अस्पतालों में पीड़ितों से मिल रहे हैं। जबकि हाथरस और प्रयागराज में महाकुंभ में हुई भगदड़ में भाजपा सरकार का रवैया बिल्कुल उलट रहा। महाकुंभ में तो असल में कितने लोगों की मौत हुई और कितनी भगदड़ मची, यह भी अब तक स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता इस बार भाजपा को कांग्रेस सरकार को घेरने का मौका मिल रहा है, तो वह जरा सी कसर नहीं छोड़ रही। राज्य सरकार पर घोर लापरवाही के इल्जाम लगाए जा रहे हैं, इस्तीफा मांगा जा रहा है।

लोकतंत्र में विपक्ष का रवैया बिल्कुल ऐसा ही होना चाहिए, साथ ही जनता की जान को एक जैसा ही कीमती समझना चाहिए। बहरहाल, इस मामले में बैंगलोर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई की थी, जिसमें सरकार का पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने कहा कि राज्य सरकार कोई प्रतिकूल रुख नहीं अपना रही है, इसलिए इसे एक दूसरे पर कीचड़ उछालने वाली बात नहीं करनी चाहिए, हमारा ध्यान घटना की जांच करने और कार्रवाई करने पर है। अदालत जो आदेश देगी हम उस अनुसार काम करने को तैयार हैं।

मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो एक एसओपी यानी मानक प्रक्रिया होना चाहिए। अदालत ने कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन और आरसीबी दोनों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई अब संभवतः मंगलवार को होगी।

फिलहाल सरकार और आरसीबी ने पीड़ितों के लिए अलग-अलग मुआवजे का ऐलान कर दिया है। लेकिन एक शाश्वत सवाल है कि क्या चंद लाख रुपयों से जो जानें गई हैं, वो क्या वापस आ जाएंगी। असली मुआवजा तो वही होगा जब ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मगर जिस तरह इस मामले को राजनैतिक हिसाब-किताब चुकता करने का जरिया बनाया जा रहा है, उसमें अच्छाई की उम्मीद नहीं दिखती।

# रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव

**- अंजन रॉय**

विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है। वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है।

भारत द्वारा रूसी हथियारों और शस्त्रों की खरीद 'अमेरिका को परेशान करती है'। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के अनुसार, यह भारत-अमेरिका संबंधों में एक परेशानी है।

इतना कहने के बाद, यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भारत विविध संपत्तियों वाला एक बड़ा देश है, विशेष रूप से इसके प्रतिभाशाली लोग जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में सक्षम हैं। वाशिंगटन, डीसी में भारतीय टीवी नेटवर्क, एएनआई के साथ बात करते हुए अमेरिकी वाणिज्य सचिव लुटनिक ने अमेरिकी विचारों को स्पष्ट किया।


लुटनिक ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहली प्राथमिकता उन्नत विनिर्माण में अमेरिका फर्स्ट है। हालांकि, इसके अलावा अमेरिका के पास मित्रों और सहयोगियों के साथ सहयोग के कई क्षेत्र खुले हैं, जिन्हें भारत द्वारा खोजा जा सकता है। लुटनिक ने बताया कि विनिर्माण के इन उच्चतम तकनीक और उन्नत क्षेत्रों में से कुछ को अमेरिका द्वारा एक सुविचारित नीति के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है।

विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है।



## धर्मबीर दहिया बने संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट के जिला संयोजक

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**



**भिवानी, 08 जून।** संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने समाजसेवी धर्मबीर सिंह दहिया द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें जिला संयोजक पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। धर्मबीर सिंह दहिया ने अपनी नियुक्ति पर ट्रस्ट के चेयरमैन आचार्य दलबीर आनंद महाराज, संरक्षक डा. जितेन्द्र कौशिक व अन्य पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा के साथ पूरा करेंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन के साथ जोड ? का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ मिलकर वे युवाओं को नशे के खिलाफ व उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि संत रविदास महाराज की शिक्षाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## रामलीला परिषद के सह प्रबंधक पतराम यादव की स्मृति में शोक सभा का आयोजन



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सतनाली, 08 जून।** श्री रामलीला परिषद के सह प्रबंधक पतराम यादव की स्मृति में परिषद प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में परिषद परिवार के सदस्यों सहित नगर के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्व. पतराम यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए परिषद के कार्यकारी प्रधान अमित मिश्रा ने कहा पतराम यादव समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का बखूबी निर्वहन करते थे। अपनी सरकारी सेवाओ से निवृत होने के बाद उन्होंने अपना अधिकतम समय समाजसेवा के कार्यों में लगाया। उनके निधन से नगर को एक बड़ी क्षति हुई है। कला परिषद के पूर्व निदेशक अनिल कौशिक ने कहा कि पतराम यादव एक सामाजिक व्यक्ति थे। रामलीला परिषद में एक कलाकार और पदाधिकारी के रूप में उन्होंने लंबे समय समय तक काम किया । प्रवक्ता रमेश टाँक ने कहा कि पतराम यादव नगर की विभिन्न संस्थाओं में एक स्तंभ के रूप में काम किया करते थे। उनके निधन से नगर में शोक की लहर है। इस अवसर पर घीसाराम सैनी, रमेश कौशिक, आनंद शर्मा, नरेश जोशी, रामचंद्र जांगड़ा, अतुल दीवान, राजेन्द्र पोपली, सतीश गौड़, मामन गोस्वामी, एमएल शर्मा, गिरधर गोपाल, रामबाबू गोयल, सुनील गर्ग, दिनेश दत्त, सूर्यप्रकाश कौशिक, आनंद सोनी, सुभाष तिवाड़ी, सुरेश पंचोली, सुनील यादव, शेर सिंह सहित नगर के अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

## नागरिक अस्पताल में किया भोजन वितरण

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण किया गया। प्रतिदिन की भांति नागरिक अस्पताल में रुग्ण और उनके परिजनों को एवं जरूरतमंदों को भोजन में कढ़ी चावल का वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, महासचिव कर्म चंद और रमेश भोजन बनाकर अस्पताल पहुंचे और भोजन सामग्री वितरित की। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक का मुख्य कार्य भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि वितरण करना है। इसके साथ ही रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।

## कमांडो जवानों ने लिया योग व प्राणायाम का संकल्प, आयुष विभाग व आर्ट ऑफ लिविंग ने दिया मार्गदर्शन

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**नेवल /करनाल, 08 जून।** हरियाणा पुलिस कमांडो फोर्स मुख्यालय, नेवल में आज एक अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्री राजेन्द्र कुमार मीणा, आईपीएस, प्रवर पुलिस अधीक्षक (कमांडो) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें आयुष विभाग, करनाल तथा 'द आर्ट ऑफ लिविंग' की टीम ने सहभागिता की। योग शिविर में कमांडो मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, तथा रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर नेवल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवानों व उनके प्रशिक्षण स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में श्री रमेश चंद्र (डीएसपी/ट्रेनिंग), कल्याण निरीक्षक रणबीर सिंह, निरीक्षक पवन कुमार, उप निरीक्षक गंगा राम (लाइन प्रबंधक), उप निरीक्षक रघबीर सिंह (सीडीआई), महिला उप निरीक्षक सुदेश कुमारी (मुख्य विधि प्रशिक्षक) सहित कई अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही। आयुष विभाग करनाल से योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया।

# परम्परागत खेती छोड़ नई तकनीक अपनाएं किसानः जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा

### किसान परम्परागत खेती छोड़ नवीनतम तकनीक से आमदनी बढ़ाएं : गंगवा

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 08 जून।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि घटती जोत एवं बदलते मौसम के अनुरूप किसानों को पारंपरिक खेती की जगह अधिक से अधिक नई तकनीकी व वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जरूरत है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे परंपरागत खेती को छोड़कर खेती की नवीनतम तकनीक को अपनाएं और अपनी आमदनी बढ़ाएं। पौधों से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी है।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रविवार को गांव मंढाण में ऑर्गेनिक हरियाली नर्सरी के उदघाटन कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ अशोक बिरथल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। धर्मबीर बिरथल ने पगड़ी पहनाकर कैबिनेट मंत्री को सम्मानित किया।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति वचनबद्ध है। केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, वहीं प्रदेश में अधिकतर फसलें एमएसपी के भाव पर खरीदी जा रही हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि खेती में नई तकनीकों को अपनाएं, ताकि प्रदेश के किसान भी उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हों और



उनकी आय में वृद्धि हो। इस प्रकार की नई- नई तकनीकों से न सिर्फ किसानों को लाभ होगा बल्कि प्रदेश में भी बागवानी के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनेगी। उन्होंने किसानों से अपील कि वे परंपरागत खेती को छोड़कर बाजार की मांग के अनुसार खेती करें, इससे किसानों को बड़ा लाभ होगा तथा उनकी आय में वृद्धि होगी। इसके लिए राज्य सरकार न केवल निःशुल्क ट्रेनिंग देती है, बल्कि किसानों को अत्याधुनिक खेती अपनाने के लिए सब्सिडी पर कृषि यंत्र, पोली हाऊस, नैट हाऊस व अन्य तकनीकों की सहायता भी दे रही है। उन्होंने कहा कि जोतें घट रही हैं। ऐसे में कम भूमि पर अधिक मुनाफा कमाने के लिए तकनीकों का सहारा लेना होगा। कार्यक्रम आयोजक डॉ अशोक की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसान, गरीब, मजदूर आदि प्रत्येक वर्ग के हित में अनेक योजनाएं बनाकर सीधा लाभ पहुंचाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हितों के लिए अनेक निर्णय लिए हैं। सरकार किसान हित के लिए दृढ़संकल्प है।

इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर फूलमालाओं के साथ कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया गया। ऑर्गेनिक हरियाली नर्सरी का रिबन काटकर उदघाटन करने उपरांत उन्होंने नर्सरी का मुआयना किया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कैबिनेट मंत्री सहित सभी अतिथियों को पौधा एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर सीनियर डिप्टी अकाउंट जनरल शीशराम वर्मा, पूर्व आईएएस आरएस वर्मा, एसडीएम डॉ अशवीर नैन, बागवानी विभाग से उप-निदेशक डॉ आत्मप्रकाश, पशुपालन विभाग के पूर्व एमडी डॉ श्री किशन बागोरिया, समाजसेवी चन्द्राराम गुरी, समाजसेवी कृष्ण वर्मा ने भी अपने विचार रखे। आकाशवाणी केंद्र हिसार से आजाद दूहन ने हरियाणवी संस्कृति से जुड़े चुटकलों से लोगों का खूब मनोरंजन किया।

# भाविप की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा द्वारा साईबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### बढ़ते इंटरनेट के दौर में साईबर अपराध से बचने का जागरूकता ही एकमात्र उपाय

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 08 जून।** जैसे-जैसे तकनीक बढ़ रही है, वैसे-वैसे तकनीक के दुष्प्रभाव भी सामने आ रहे है। वही आज के बढ़ते मोबाईल व इंटरनेट के दौर में साईबर अपराध भी लगातार अपने पैर पसार रहा है, जिससे बचने के लिए जागरूकता ही एकमात्र उपाय है। ऐसे में लोगों को साईबर अपराध से बचने की जानकारी देने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा द्वारा राज्य पुलिस के साईबर अपराध सैल के अधिकारियों के साथ मिलकर रविवार को स्थानीय-13 स्थित डा. भीमराव अंबेडकर पार्क में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में 100 से अधिक महिला व पुरूष मौजूद रहे।

इस मौके पर साइबर अपराध सैल से विष्णु सिंह तथा उनकी टीम के सदस्य मौजूद रहे। जिन्होंने लोगों को इंटरनेट के बढ़ते प्रचलन के बीच




अब फिशिंग, पहचान की चोरी, मालवेयर अटैक, एटीएम धोखा, साईबर हैरेसमेंट, पोनोग्राफी, धोखाधड़ी, पासरेसी जैसे विभिन्न साईबर अपराध बढ़ रहे है। जिसका शिकार होकर नागरिक ना केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक परेशानी भी झेल रहे है। उन्होंने साईबर अपराध से बचने के लिए नेटवर्क सिक्योरिटी, क्लाउड सुरक्षा, सूचना सुरक्षा, एंड यूजर सिक्योरिटी, एप्लीकेशन सिक्योरिटी को अवश्य अपनाना चाहिए।

भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा के अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ ने कहा कि साईबर अपराध से बचने के लिए सिर्फ जागरूकता ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि इंटरनेट का इस्तेमाल करते हुए सावधानी बरते, किसी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें, किसी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी या पासवर्ड ना बताए तथा किसी भी एप्लीकेशन को फोन में डाउनलोड ना करें। ऐसी छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर ही ऑनलाईन फ्रॉड से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर पार्षद संदीप यादव, प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला संयोजक डा. विक्रम सिंह, संस्थापक अध्यक्ष नरेश चांदना, निर्वतमान अध्यक्ष नरेश बंसल, काजल अग्रवाल अध्यक्षा भिवानी मुख्य शाखा, प्रिंस मेहता शाखा वित्त सचिव सहित सेक्टर-13 के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सम्पदा अधिकारी ने सैक्टर 9-11 में रैस्टारेंट व बार मालिकों के अवैध कब्जे का किया मुआयना

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**



**हिसार, 08 जून।** आरडब्ल्यूए सैक्टर 9-11 एवं हिसार संघर्ष समिति के अनुसार उनके द्वारा बार एवं रैस्टारेंट द्वारा अवैध कब्जे को हटाने को लेकर दिए गए दो दिन के अल्टीमेटम के बाद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की सम्पदा अधिकारी आंचल भास्कर ने मौके का मुआयना किया।

सैक्टर 9-11 आरडब्ल्यूए के प्रधान का कहना है कि संपदा अधिकारी ने मौका देखा तथा निर्माण नक्शे के अनुसार नहीं पाया तथा बार द्वारा अवैध कब्जा मौके पर पाया गया। इसके बाद सम्पदा अधिकारी ने रैस्टारेंट के मालिकों को एक सप्ताह के अंदर अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्पदा अधिकारी ने रैस्टारेंट मालिकों द्वारा इसके पीछे बने प्लॉट नं. 53 में बनी अवैध किचन को भी एक महीने में हटाने के निर्देश दिए गए। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि इस अवसर पर सम्पदा अधिकारी के साथ एचएसवीपी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। रैजिडेंस वैल्फेयर एसोसिएशन व सैक्टर निवासी भी मौके पर मौजूद थे। प्रधान का कहना है कि अल्टीमेटम से पूर्व ही विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने पर समिति ने एक सप्ताह के लिए धरना-प्रदर्शन टाल दिया है। सैक्टरवासियों का कहना है कि यदि एक सप्ताह में यहां से अवैध कब्जा नहीं हटाया जाता तो जिस प्रकार से बार ने पार्किंग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है उसी प्रकार सैक्टरवासी भी इस जगह को अपने निजी रूप से इस्तेमाल करना शुरू कर देंगे क्योंकि जब बार उस जगह पर अवैध कर सकता है और उसे कोई रोकने वाला नहीं है तो सैक्टरवासी भी ऐसा कर सकते हैं। सैक्टर 9-11 आरडब्ल्यूए के प्रधान ने एसएसवीपी अधिकारी से मांग की कि इस अवैध कब्जे को हटवाकर सैक्टरवासियों को राहत प्रदान की जाए।

# सतनाली में तापमान 44 डिग्री के करीब, तेज धूप व गर्म हवाओं के साथ उमस ने बढ़ाई बेचैनी

### तापमान में आई बढ़ोतरी के बाद बाजारों से रौनक हुई गायब

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सतनाली, 08 जून।** गत सप्ताह सतनाली व आसपास क्षेत्र में हुई बरसात के बाद जहां गर्मी व उमस से लोगों को काफी राहत मिली थी वहीं तापमान में भी गिरावट आई थी। लेकिन शुक्रवार के बाद से ही एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है तथा तीन दिन से तापमान में निरंतर वृद्धि होने से सुबह से ही तेज धूप निकलने के साथ-साथ गर्मी व उमस का माहौल बन रहा है। तापमान में वृद्धि होने से बाजारों में रौनक भी कम हो गई है तथा सुबह 10 बजे से ही सूर्यदेव अपना असर दिखा रहे है जिस कारण दोपहर में तेज धूप व गर्मी के साथ पिछले सप्ताह की तरह ही गर्म हवाएं चलने लगी है जो शाम तक जारी रहती है। रविवार को भी सतनाली के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सतनाली का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आसपास रहा जबकि तीन-चार दिन पहले अधिकतम तापमान में 38 डिग्री के आसपास रहा था। मौसम के बदले रूख का असर कस्बे के बाजारों, मंडियों पर भी दिखाई दे रहा है तथा बाजार में मात्र कुछ लोग ही नजर आ रहे है। दुकानदार भी पूरा दिन कूलर पंखे



व एसी के आगे आराम फरमा रहे है। हालांकि बाजार में सुबह 11 बजे तक तथा सांय 4 बजे के बाद ग्राहक बाजार में नजर आ रहे है। दोपहर 12 बजे से लेकर तीन बजे तक अधिक गर्मी के कारण बाजार पूरी तरह सुनसान दिखाई दे रहे है।

**क्या कहते है चिकित्सकः-**

गर्मी के मौसम के दौरान तापमान में हो रहे बदलाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास गोयल ने बताया कि मौसम में आ रहे बदलाव, तापमान में उतार, चढ़ाव, हवाओं में नमी की मात्रा बढ़ने के चलते स्वास्थ्य को लेकर सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है। इन दिनों स्वाभाविक तौर पर संक्रमण व वायरस से जुड़ी बीमारियां तेजी से फैलती हैं। बच्चों और बुजुर्ग को अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शरीर में पानी की कमी न होने दे तथा कड़ी धूप में बाहर निकलने से परहेज करे। किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत समीप के चिकित्सक से जांच करवाएं। खानपान व स्वच्छता प्रति भी विशेष सावधानियां बरतना बेहद जरूरी है।

**शीतल पेयजल पदार्थों, फलों की बढ़ी मांगः-**

क्षेत्र में एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही गर्मी व उमस बढ़ने के साथ ही कस्बे के बाजारों व मुख्य सड़क मार्गों पर शीतल पेयजल पदार्थों कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम, कुल्फी, मैंगो शेक, मिल्क शेक, गन्ने का रस इत्यादि की मांग में भी इजाफा हुआ है। जिस कारण शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है तथा इस बार लोग खुले जूस की बजाय डिब्बाबंद जूस खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# लू व गर्मी से पशुधन के बचाव के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने उठाए आवश्यक कदम : महानिदेशक डॉ एलसी रंगा

### - महानिदेशक डॉ एलसी रंगा ने जारी की पशुओं को लू से बचाव के उपायों की एडवाइजरी

> I, पशुओं को ताजा और साफ पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं। पशुओं को उच्च गुणवत्ता वाला हरा चारा, संतुलित आहार तथा खनिज मिश्रण दें

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

सतनाली, 08 जून। पशुपालन विभाग के महानिदेशक डॉ एलसी रंगा ने कहा कि प्रदेश में लू व गर्मी के प्रभाव से पशुधन के बचाव के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने आवश्यक कदम उठाए हैं। केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी सभी कार्यालयों को भेजकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सभी उपनिदेशकों को अपने जिले के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभाग द्वारा प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अतिरिक्त पशु चिकित्सालय एवं औषधालयों पर कार्यरत अमले के माध्यम से पशुपालकों को पशुधन को लू व गर्मी से बचाने के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। महानिदेशक डॉ एलसी रंगा ने बताया कि सभी उपनिदेशकों को अपने जिले की पशु संस्थाओं में आवश्यक दवाइयों का स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए हैं जिसके लिए उन्हें आवश्यक बजट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा, विभाग के अमले को पशु संस्थाओं में बनी हुई पानी की खालों की मरम्मत करवा कर उनमें पानी भरवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विभाग ने पशुओं को मुंह खुर व गलघोटू आदि रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण समय पर पूरा कर लिया है। डॉ. एलसी रंगा ने बताया कि पशुधन को लू के प्रकोप से बचाने के लिए पशुपालकों द्वारा विभिन्न उपाय किए जाने चाहिएं। पशुओं को छाया वाले स्थान जैसे पेड़, शेड या छत वाली संरचनाओं में रखें ताकि वे धूप से बच सकें। पशु आवास की छतों को पुआल या टाट आदि से ढक दें या इंसुलिन लगाएं ताकि बाड़े में गर्मी कम हो। पशु आवास में पंखे, स्प्रिंकलर या फगर का उपयोग करें ताकि हवा का संचार और ठंडक बनी रहे। खिड़कियाँ और दरवाजे खोलकर रखें और उन पर गीले बोरे लटकाएं ताकि प्राकृतिक ठंडक मिल सके।

इसके अलावा, पशुओं को ताजा और साफ पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं। पशुओं को उच्च गुणवत्ता वाला हरा चारा, संतुलित आहार तथा खनिज मिश्रण दें ताकि पशु के शरीर में पोषक तत्वों की कमी न हो। पशुओं को चारा दिन के ठंडे समय में खिलाएं। पशुओं को सुखी तूड़ी न खिलाएं। तूड़ी को खिलाने से पहले एक मुट्ठी नमक तथा एक मुट्ठी खनिज मिश्रण तथा दरदरा पिसा हुआ अनाज मिलाकर कम से कम एक घंटे के लिए पानी में भिगो दें।

# घरौंडा मेरा परिवार है, विकास के लिए वचनबद्ध हूंः विधानसभा अध्यक्ष कल्याण

### घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 08 जून।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें से चार परियोजनाओं का शिलान्यास (1.62 करोड़ रुपये) और एक का उद्घाटन (56 लाख रुपये) किया गया।

चौरा गांव में रामलीला ग्राउंड में हॉल निर्माण की घोषणा करते हुए श्री कल्याण ने आश्वासन दिया कि यदि पंचायत जमीन उपलब्ध कराएगी तो पुस्तकालय भी बनवाया जाएगा। उन्होंने चौरा गांव में 18 लाख की लागत से तोमर चौपाल हॉल और 10 लाख रुपये की लागत से महिला मीटिंग हॉल का शिलान्यास किया।

उन्होंने 93 लाख रुपये की लागत से कैमला रोड से गढ़ी मुल्तान कॉलोनी तक 850 मीटर लंबी सड़क के निर्माण का शिलान्यास भी किया, जिसका निर्माण कार्य 6 माह में पूरा किया जाएगा।

अराईपुरा गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मल्टी एक्टिविटी हॉल का शिलान्यास भी हुआ, जिसकी लागत 56.50 लाख रुपये है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद इस निर्माण कार्य को अप्रैल 2026 तक पूरा करेगी।

इसके अतिरिक्त, अलीपुर खालसा-बरसत-पुंडरी मार्ग से गांव पुंडरतक तक 700 मीटर सड़क के उद्घाटन कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि यह कार्य मंडी बोर्ड द्वारा 56 लाख रुपये की लागत से पूरा किया गया है।

**महिला हॉल और शिक्षा पर विशेष ध्यान**



विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा की कि उन गांवों में जहां महिला चौपाल या मीटिंग हॉल नहीं हैं, वहां अगले 2-3 वर्षों में इनके निर्माण कार्य सुनिश्चित किए जाएंगे। चौरा में स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति के साथ टंकी के पास एक और स्कूल बनवाने की भी बात कही।

**ज्ञानपुरा मंदिर में 15 दिन में होगा हॉल का निर्माण शुरू**

श्री कल्याण ने बताया कि ज्ञानपुरा मंदिर में 51 लाख की लागत से बनने वाला हॉल 15 दिन में शुरू हो जाएगा। वहीं कॉलोनी की गलियों के निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुके हैं।

**अराईपुरा की एनसीसी अकादमी देश में तीसरी सबसे बड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अराईपुरा की एनसीसी अकादमी देश की तीसरी सबसे बड़ी अकादमी होगी। इस साल के अंत तक कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

**जन संवाद और प्रेरणा**

अपने संबोधन में श्री कल्याण ने लोगों से आपसी लड़ाई-झगड़ों से दूर रहने, बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने, और सामूहिक कार्यों में भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारी मिलने के बावजूद वे हलके को पूरा समय देते रहेंगे।

**उपस्थित गणमान्य व्यक्ति**

इस अवसर पर एसडीएम राजेश सोनी, डीईओ सुदेश ठुकराल, एसडीओ जयभगवान, बीईओ रविंद्र कुमार, जेई निशांत राणा, प्रिंसिपल अनीता, चौरा के सरपंच प्रमोद कुमार, नगर पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, भाजपा नेता रोहित भंडारी, मंजू खैंची, नरेश, जगदीश राणा, राजेश जोगी, संदीप, विजय राणा, धीरज खरकाली सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बजरंग गर्ग सर्वसम्मति से श्री प्रयागगिरी सनात्तन धर्म शिक्षण संस्थाओं के प्रधान चुनें गए



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 08 जून।** श्री प्रयागगिरी सनात्तन धर्म शिक्षण संस्था की जरनल बॉडी की मीटिंग संस्था के प्रधान नारायण दास बंसल की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में मुख्य चुनाव अधिकारी सिनियर एडवोकेट श्री गोपीचंद वर्मा ने भाग लिया और मीटिंग से पहले लिफ्ट का शुभारंभ संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। प्रमुख समाजसेवी श्री बजरंग गर्ग सर्वसम्मति से श्री प्रयागगिरी सनातम धर्म शिक्षण संस्थाओं के प्रधान चुनें गए।

प्रधान पद के लिए बजरंग गर्ग का नाम नारायण दास बंसल ने प्रपोज किया। जिसका रमेश लोहिया व प्रवीण जैन ने अनमोदन किया और उपस्थित सभी सदस्य ने हाथ ऊठाकर बजरंग गर्ग के नाम का समर्थन किया। इस अवसर पर संस्था के नवनिर्वाचित प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल की संस्था का रिजल्ट हर साल मैरिट पर आता है आगे भी आप सभी के सहयोग से स्कूल की संस्था को ओर आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा और सभी स्कूलों को मॉडर्न तरीके से तैयार किया जाएगा। स्कूल में हर प्रकार की सुविधा का प्रबंध संस्था द्वारा किया गया है। इस अवसर पर एडवोकेट गोपीचंद वर्मा, नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, रमेश लोहिया, सुरेंद्र सिंगला, प्रवीण कुमार जैन, ओम प्रकाश असीजा, पितरुमल गोयल, गुलशन महाजन, विनोद गोयल, राम निवास कोहलीवाला, राम अवतार सिंगला, विपिन गोयल, गोपाल बंसल, एडवोकेट महावीर प्रसाद अग्रवाल, जगत नारायण, कृष्ण कुमार बंसल, रोशन लाल गोयल, राज कुमार सिंगल, सतेंद्र गोयल, नरेश कुमार सिंगला, विनोद गर्ग, जगदीश चन्द्र असीजा, कृष्ण लाल बागड़ी, विरेन्द्र कुमार तनेजा, अशोक कुमार लोहिया, सत्यपाल असीजा, गोवर्धन दास चुरू वाला, सुभाष चंद्र बंसल, कृष्ण लाल वर्मा, प्रभु दयल शर्मा, कुलदीप कुमार बंसल, अशोक कुमार बंसल, डाक्टर केके वर्मा, नरेंद्र कुमार चड्ढा, गंगा प्रसाद मोरिया, राज कुमार सिंगला, चरण दास बिंदल, मंगत राम मित्तल, अलोक कुमार, सुभाष चन्द्र भट्टे वाले, भीम सैन बसंल, गोविन्द राम गर्ग, बजरंग दास जिंदल, पवन कुमार, जय प्रकाश डालमिया, नरेश कुमार गर्ग, पवन काका आदि ट्रस्टी मौजूद थे।

## जेईई एडवांस 2025 की परीक्षा में अवल्ल आने वाले सक्षम जिंदल को पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता नें किया सम्मानित



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 08 जून।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेक्टर-14 स्थित सक्षम जिंदल के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। सक्षम जिंदल ने जेईई एडवांस 2025 परीक्षा में 360 में से 332 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया द्वितीय रैंक हासिल कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

इससे पहले सक्षम ने जेईई मेन 2025 में भी 100 परसेंटाइल स्कोर कर ऑल इंडिया 10वीं रैंक प्राप्त की थी। डॉ. कमल गुप्ता ने सक्षम को स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद दिया और उनके माता-पिता व परिजनों से भेंट कर इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह न केवल हिसार बल्कि पूरे हरियाणा व राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण है। सक्षम ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से यह मुकाम हासिल कर अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि सक्षम जैसे होनहार विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। उनका सपना आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस में बीटेक करने का है, जिसके लिए वह निरंतर परिश्रम कर रहे थे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सक्षम भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर देश का नाम ऊँचा करेंगे। इस अवसर पर अनीश गुप्ता, सुरेश गोयल धूप वाला, राम चन्दर गुप्ता, दीपक अग्रवाल, कृष्ण बिश्नोई, मनोज बुडाकिया, मोहित गोयल, बलबीर भूमबक, सुनीलचायपत्ती, धर्मवीर पन्नू, राजीव राजपाल, प्रदीपवैद्य, अंबिकाप्रसादगुप्ता, विनोदकुमार, संजय कुमार, सुनीलगुप्ता, विनोद तोसवाड़ व स्थानीय गणमान्य नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## राजकीय विद्यालय गुरुसर में भारतीय भाषा समर कैंप का समापन समारोह संपन्न



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 08 जून।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरुसर में भारतीय भाषा समर कैंप के अंतिम दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि की भूमिका गुरुसर गांव की सरपंच गुरप्रीत कौर ने निभाई और कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य तरूण गेरा ने की। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य तरूण गेरा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कैंप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात बायोलॉजी प्रवक्ता तमन्ना बिश्नोई ने कैंप के आरंभ दो जून से लेकर अब तक हुई गतिविधियों की संपूर्ण रिपोर्ट सबके समक्ष रखी। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कैंप निश्चित तौर पर विद्यार्थियों के भाषा संवर्धन व संपूर्ण विकास के लिए लाभदायक होंगे और इस तरह के आयोजन आने वाले समय में भी होते रहने चाहिएं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कला अध्यापक जसविंदर सिंह की देख-रेख में एक अत्यंत सुंदर रंगोली भी बनाई। समारोह के अंत में वरिष्ठ अध्यापक सुभाष चंद्र ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। इस कैंप के नोडल अधिकारी संस्कृत प्रवक्ता राजेश कुमार थे और मंच संचालन की भूमिका अंग्रेजी अध्यापक साहिल चिलाना ने निभाई। इस अवसर पर पवन कुमार, राजेश कुमार, सुजीता, तारापती, परविन्द्र कौर, राज बाला, बलबीर सिंह, मक्खन सिंह, सुनील कुमार व प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को विश्व के मानचित्र पर जानेंगे योग की भूमि के रूप में : नायब सिंह सैनी

**बोले: कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले योग महाकुंभ में पहुंचेंगे एक लाख से ज्यादा योग साधक। मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र वासियों को योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूएनओ में रखे गए प्रस्ताव को सहमति देकर 177 देशों ने योग को अपनाया**

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को विश्व के मानचित्र पर योग भूमि के रूप में भी जानेंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की तरफ से 21 जून को कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा योग साधक पहुंचेंगे। इतना ही नहीं 21 जून को योग दिवस पर पूरे प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ जुडेंगे। इन ऐतिहासिक और यादगार लम्हों को विश्व के कोने-कोने में देखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर के सभागार में जिला प्रशासन की तरफ से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर संस्थाओं के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्मसरोवर और मेला क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा प्रबंधों को लेकर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, पतंजलि योगपीठ के केन्द्रीय प्रभारी राकेश से फीडबैक लेकर चर्चा की है। इस योग महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों को योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प दिलवाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब देश में



स्वच्छता और योग होगा तो देश गति के साथ विकसित भारत की तरफ बढ़ेगा। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को प्रदेश में 27 मई से स्वच्छता अभियान चलाकर शुरू कर दिया गया है, 21 जून के आयोजन के लिए योग की कक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब यूएनओ में योग का प्रस्ताव रखा तो 177 देशों ने इस पर अपनी सहमति दी और हमारी धरा से निकाला योग विश्व में हर जन-जन तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री ने योग पद्धति को पूरी दुनिया में फैलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम ऐतिहासिक और भव्य होना चाहिए। योग किसी एक व्यक्ति या एक विचार का कार्यक्रम नहीं है। योग में हमारी प्राचीन विचारधारा सम्मिलित है, ऋषियों ने हमें उपहार के तौर पर योग और ध्यान दिया है। योग करने से मनुष्य हष्ट-पुष्ट रहता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग को लेकर योग ऋषि स्वामी रामदेव ने योग को बनाए रखने का काम किया है। अब ऐसा ऋषि का भगवान श्रीकृष्ण की धरा धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में 21 जून को आना कुरुक्षेत्र वासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि योग दिवस को लेकर राष्ट्र धीम एक पृथ्वी एक स्वस्थ है। जबकि प्रदेश में इसके साथ योग युक्त नशा मुक्ति हरियाणा को जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बीच में लोगों की सोच बीमारी दूर करने के लिए एक गोली लेकर काम चलाने की हो गई थी, लेकिन जब पता चला कि योग से उन बीमारियों को तहस-नहस किया गया है जिन्हें गोलियां रोक भी नहीं सकती हैं। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें हमारे युवाओं को नशे की तरफ धकेलने का प्रयास कर रहीं हैं। युवा पीढ़ी के भविष्य को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। इसको रोकने के लिए योग को बनाकर नशे से दूर करना होगा, क्योंकि हमारी युवा पीढ़ी को नुकसान होन का मतलब देश के विकास की गति को आगे बढने. से रोकना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश का कल्चर तो शुरू से अलग रहा है। यहां पर कहावत है कि देशां म्य देश हरियाणा, जित दूध दही का खाना। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर पार्षदों, सरपंचों, सामाजिक व धार्मिक



संस्थाओं के प्रतिनिधियों और कुरुक्षेत्र वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि 21 जून को सभी अपनी निंद्रा को छोड़कर सुबह 4 बजे ब्रह्मसरोवर व मेला ग्राउंड में पहुंचकर योग के इस महान यज्ञ में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़े और जिसको जो जिम्मेदारी दी जाएगी को प्रमुखता के साथ निभाने का काम करें। उन्होंने कहा कि ये केवल मात्र योग दिवस नहीं है बल्कि एक मेला है। जिस प्रकार हम दीपावली, होली, भाईदूज जैसे त्योहारों को मनाते हैं, इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भी उसी प्रकार मनाया जाए।

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए 103 सेक्टरों में बांटा क्षेत्र**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ब्रह्मसरोवर और मेला ग्राउंड को 103 सेक्टरों में बांटा गया है। इनमें से 64 सेक्टर ब्रह्मसरोवर और 37 सेक्टर मेला ग्राउंड व आसपास के क्षेत्र में बनाए गए हैं। हर सेक्टर में एक हजार साधकों के योग करने की व्यवस्था बनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर में जिला प्रशासन की तरफ से एक नोडल अधिकारी, पतंजलि योग पीठ और जिलाध्यक्ष भाजपा की तरफ से एक-एक वालंटियर व्यवस्था बनाने के लिए मौजूद रहेगा।

**कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सत्ता के समय केवल अपने लिए जुटाई सुविधाएं**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी फस्ट्रेशन में है। सत्ता में रहते हुए कभी भ्रष्टाचार को नहीं रोका गया। जरूरतमंद, गरीब परिवार के लिए कभी योजनाएं नहीं बना गई। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सिर्फ अपनी सुविधाएं जुटाने का काम किया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग के बारे में सोचा। उन्होंने हर वर्ग को सुविधाएं दिए जाने के लिए नॉन स्टॉप काम करते हुए देश को विकसित भारत बनाने की तरफ बढ़ रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने संस्थाओं, एनजीओ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभागार में मौजूद संस्थाओं, एनजीओ व अन्य लोगों को शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा, मैं आज संकल्प लेता हूं कि मैं अपने जीवन में नियमित रूप से योग, प्राणायाम और ध्यान को अपनाउंगा। मैं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहूंगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करंगा। मैं अपने परिवार समाज और कार्यस्थल में योग का प्रचार प्रसार करूंगा। मैं हरियाणा को योग युक्त, नशा मुक्त राज्य बनाने के इस महान यज्ञ में सक्रिय भागीदारी निभाउंगा। मैं स्वास्थ्य, संयमित और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हरियाणा को बनाना है योग मेरा संकल्प है नशो विरोध मेरा प्रयास है। हरियाणा को बनाना है उत्तम, योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा। इससे पहले भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा की तरफ से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता योग महाकुंभ में पहुंचेंगे। आयोग के वाइस चेयरमैन डा. रोशन लाल ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा, सुभाष कलसाना, पतंजलि योगपीठ के केंद्रीय प्रभारी राकेश, महिला पतंजलि राज्य प्रभारी अमर राविश, साध्वी देवपवाणी, ईश आर्य, डा. मनीष कुकरेजा, पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष रामकुमार रंबा, प्रदीप झांब, ओम प्रकाश, गुलशन ग्रोवर, डा. रोशन लाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अपने शारीरिक चित्र एवं चरित्र को अच्छा बनाने के लिए नियमित करे योग : डॉ. शकुंतला दहिया

### जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता बच्चों, युवाओ, बुजुर्गों ने लिया बढ़ चढ़ कर भाग

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**

**कैथल, 08 जून।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा कैथल में जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में 10-14 वर्ष के प्रतिभागियों ने वृक्षासन, वकासन, चकासन, पश्चिमोतानासन, सरल नटराजासन, 14-18 वर्ष के प्रतिभागियों ने धनुरासन, गरुडासन, शलभासन, अर्ध मत्सयेन्द्रासन, 18-28 वर्ष के प्रतिभागियों ने पश्चिमोतासन, सरल नटराजासन, उतानपादासन,



उष्ट्रासन, 28-40 वर्ष के प्रतिभागियों ने परिवर्तित त्रीकोणासन गरुडासन, गोमुखासन, भुजंगासन, पश्चिमोतानासन, 40-60 वर्ष के प्रतिभागियों ने वृक्षासन, उत्तानपादासन, वकासन, जानुशीरषासन, अकरण, धनुरासन 60 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों ने वीरभ्रदासन, ताडासन, यकासन भुजंगासन, पवनमुक्तासन योग कर के दिखाए। शिक्षा एवं खेल विभाग के सहायक अधिकारी रमेश चहल ने बताया कि योग को जीवन में अपनाकर जीवन को खूबसूरत बनाया जा सकता है, इसलिए नियमित प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करना चाहिए। जिला प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति शांति चौधरी ने बताया कि योग जीवन का माध्यम है इसलिए योग को नियमित दिनचर्या में अपनाना चाहिए। जिला स्तर प्रतियोगिता में आयुष विभाग से डॉ राजेंद्र कुमार, शिक्षा विभाग से रमेश चहल, खेल विभाग से गुरमीत बॉक्सिंग कोच, महिला पतंजलि योग समिति से शान्ति चौधरी तथा जिला योगासन खेल एसोसिएशन कुलदीप धीमान में शामिल हुए। कमेटी मेंबर की देख रेख में ही जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का हुआ सफल समापन। दिनांक 15 जून को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा।

## संगठन में संघर्ष के साथी कार्यकताओं को दी जाए वरीयता : अंकित गुप्ता



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** आल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव, कांग्रेसी नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अंकित गुप्ता ने कहा कि वे कितने ही ऐसे कार्यकताओं को जानते हैं जिन्होंने पार्टी का हर परिस्थिति में झंडा बुलंद रखा, जिन कार्यकताओं ने सालों से तन-मन-धन से पार्टी को मजबूत किया, उन्हें बार-बार अनदेखा किया जाता है। गुप्ता ने हरियाणा कांग्रेस में चल रही संगठनात्मक बैठकों को लेकर सवाल उठाए। संगठन में कार्यकताओं की अनदेखी के मुद्दे पर सवाल पर उन्होंने कहा, हरियाणा कांग्रेस में संगठनात्मक बैठकों का दौर बार-बार चलता रहता है। लेकिन अब ये बैठकें अक्सर एक औपचारिकता और दिखावा सा बनकर रह गई हैं। काबिलेगौर है कि एडवोकेट अंकित गुप्ता कांग्रेस पार्टी से थानेसर विधानसभा सीट के लिए 2019 और 2024 में सशक्त दावेदार रह चुके हैं। गुप्ता ने कहा जब टिकट और संगठन में जिम्मेदारी देने की बारी आती है, तो अक्सर दूसरी पार्टियों से आए लोगों को वरीयता दी जाती है और असली कार्यकताओं की मेहनत और संघर्ष को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अब अपनी पुरानी गलतियों को सुधारना चाहिए और उन कार्यकताओं को भी जिम्मेदारी देकर उनकी मेहनत का सम्मान करना चाहिए, जिन्होंने विपरीत परिस्थिति में पार्टी का झंडा बुलंद रखा। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस पार्टी को हरियाणा में फिर से मजबूत करना है, तो उसे अपने सच्चे कार्यकताओं की ताकत को पहचानना होगा और उन्हें उचित सम्मान और जिम्मेदारी देनी होगी।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिविरों में लोगों ने लिया सुविधाओं का लाभ



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। थानेसर हल्के के दीदार नगर में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इन शिविरों में मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं साथ ही लोगों को आधार कार्ड, पैंशन और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाता है। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 62 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां, 16 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए साथ ही 22 लोगों को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को निःशुल्क दवाइयां, परामर्श और खान-पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ-साथ नवीन संकल्प शिविरों में सरकारी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ कैसे लें और नवीन जिन्दल छात्रवृत्ति योजना लाभ कैसे उठाएं। यह तमाम तरह की जानकारियां इन शिविरों में दी जाती है। इस अवसर पर धनराज सिंह पार्षद, आकाश अग्रवाल, राजकुमार शक्ति केंद्र प्रमुख, वेद प्रकाश प्रजापत सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, सुखबीर रोहिल्ला, रिंकू, पंडित मोहन दास और बलबिन्दर सिंह मौजूद रहे।

## प्रेम विज की प्रतिनिधि कविताओं में अनुभव की प्रमाणिकता मिलती है : डॉ मनमोहन सिंह

### प्रेम विज की कविताएं सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यक्तिगत अनुभवों का जीवंत दस्तावेज : डॉ. विनोद शर्मा

**हरियाणा वाटिका/अमूल्या**

**चंडीगढ़, 08 जून।** काव्य संग्रह "प्रेम विज की प्रतिनिधि कविताएं" का विमोचन सैक्टर 43 ए में हुआ। इसका संपादन सुप्रसिद्ध साहित्यकार आचार्य राजेश कुमार ने किया है। कार्यक्रम का आयोजन संवाद साहित्य मंच और आचार्य कुल संस्था, चंडीगढ़ की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार जसवंत सिंह जफर, निदेशक भाषा विभाग पंजाब और अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार व चिंतक और चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह ने की। इस अवसर पर आचार्य कुल के अध्यक्ष के. के. शारदा, विद्या धाम यू. एस. ए की अध्यक्षा डॉ. सरिता मेहता और पार्षद प्रेमलता बतौर विशेष अतिथि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन शायरा डॉ. संगीता शर्मा कुंद्रा 'गीत' ने किया और पुस्तक पर प्रपत्र कविवर डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पल्लवी रामपाल द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना



से हुआ तत्पश्चात पुस्तक का विमोचन हुआ।

पुस्तक पर प्रपत्र पढ़ते हुए डॉ. विनोद शर्मा ने सभी कविताओं का मूल्यांकन करते हुए कहा कि प्रेम विज की कविताएं सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यक्तिगत अनुभवों का जीवंत दस्तावेज है। उनकी कविताएँ शब्दों की बजाय संवेदनाओं से संवाद करती हैं। कविताओं में नारी व्यथा, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रकृति, देश प्रेम और वैचारिक सरोकार मिलते हैं। भाषा और भाव में गंभीरता है। के. के. शारदा ने कहा कि प्रेम विज की कविताएं नई पीढ़ी को प्रेरणा देंगी। अमेरिका से पधारी कवियत्री डॉ. सरिता मेहता ने कहा कि प्रेम विज की कविताओं में समाज की विषमताएँ मिलती हैं। शायर अशोक नादिर ने फरमाया कि प्रेम विज ने जो कुछ भी अपने आसपास देखा उसे इन कविताओं में व्यक्त किया है। मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार जसवंत सिंह 'जफर' ने कहा की कविताओं में विविध विषय हैं। प्रकृति चित्रण काफी अच्छा लगा। अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध कवि व चिंतक डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा कि प्रेम विज की कविताओं में प्रेम प्रमुख तत्व है। कविताओं में अनुभव की प्रमाणिकता मिलती है। इसके अलावा मिथक का सुंदर प्रयोग किया गया है। काव्य पाठ में पल्लवी रामपाल, परविंदर सोनी, डॉ. प्रज्ञा शारदा, अंजू मोदगिल, सुभाष शर्मा, डॉ. उमा शर्मा, राज विज, डॉ. संगीता शर्मा कुंद्रा 'गीत', डॉ. सरिता मेहता, पॉल अजनबी, आर. के. भगत, सतवंत कौर गिल, राजेंद्र सिंह, डॉ. विनोद शर्मा, राकेश शर्मा, प्रिं. बहादुर सिंह गोसल, विमला गुगलानी, नितिन रामपाल, प्रेमलता आदि ने कविताओं से खूब वाहावाही लूटी।

# गर्मी व लू से बचाव के लिए एहतियात बरतें जिलावासी, आम नागरिक लू से बचाव के लिए एडवाइजरी की करें अनुपालना : डीसी प्रीति

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**



**कैथल, 08 जून।** जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी प्रीति ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने के बाद उसके इलाज से बेहतर है कि हम लू लगने से बचे रहें। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। इसके साथ ही सभी विभाग भी गर्मी व हीट वेव के बचाव के लिए पूरी तैयारियां रखें और आमजन के साथ साथ पशुओं को भी हीट वेव से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

डीसी प्रीति ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। डीसी ने कहा कि नंगे पांव बाहर न जाएं, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

डीसी प्रीति ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें। इसके साथ ही अपने जानवरों का भी लू से बचाव करें। उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे। यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं। किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़ें।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध मेरी लड़ाई जारी रहेगी : अशोक अरोड़ा

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** कांग्रेस के विधायक अशोक अरोड़ा ने अपने धन्यवादी दौरे के दूसरे दिन गांव सुनहेड़ी में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि थानेसर हल्के की जनता के साथ उनका 35 वर्ष पुराना पारिवारिक रिश्ता है। जनता ने उन्हें पांच बार विधायक बनाकर जो विश्वास जताया है, उसके लिए वे आभारी है और इस



विश्वास पर खरा उतरेंगे। अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा सत्रों के दौरान उन्होंने अनेक जन समस्याओं को उठाया और अपनी ड्यूटी निभाई। सनहेड़ी गांव में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव वासियों ने अरोड़ा का फूल माला डालकर स्वागत किया। अरोड़ा ने गांव आलमपुर, ईशाकपुर, कुवार खेड़ी, बीड अमीन, पलवल, खेड़ी रामनगर, फतुहपुर, चंद्रभानपुर, खासपुर और अभिमन्युपुर में भी दौरा करके लोगों की समस्याओं को सुना और मौके से ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन करके समस्याओं का निपटारा करने के आदेश दिए। इस अवसर पर उनके साथ इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, मायाराम चंद्रभानपुरा, विवेक भारद्वाज , ओम प्रकाश पलवल, सुनील राणा, चंद्रभान वाल्मीकि, राजपाल वाल्मीकि सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद थे। अरोड़ा ने कहा कि उनकी लड़ाई भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी रहेगी, आज भाजपा के राज में हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला हुआ है, उन्होंने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद थानेसर में सफाई के नाम पर बहुत बड़ा घोटाला हुआ है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

## कृषि विज्ञान केन्द्र की तरफ से गांव-गांव में जाकर जलाई जा रही है विकसित कृषि संकल्प अभियान की अलख



**हरियाणा वाटिका/एकता दुग्गल**

**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. सरिता रानी ने कहा कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के माध्यम से विभिन्न गांव में जागरूकता अभियान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 29 मई से शुरू किए गए इस अभियान में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र की दोनों टीमों के द्वारा अब तक जिले के 60 गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि इन टीमों द्वारा मंगोली जट्टान, संघोर और बाबैन गांव में दौरा किया और किसानों को मिट्टी की जाँच और धान की सीधी बिजाई के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। डॉ.लोकेंद्र कुमार, प्रधान वैज्ञानिक भारतीय गेहूं एवं जौं अनुसंधान संस्थान, करनाल ने जौ फसल के महत्व के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जौ को अनाज में मिलाकर खाने से व्यक्ति स्वस्थ जीवन जी सकता है नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, करनाल के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप ने दूध से बनने वाले विभिन्न उत्पाद के मूल्य वर्धन के बारे में बात कर किसानों को जागरूक किया। डॉ प्रवीन फील्ड आफिसर, इफको ने ड्रोन के बारे में विस्तृत जानकारी किसानों से सांझा की। डॉ शशिकांत, ब्लॉक एग्रीकल्चर आफिसर ने कृषि पर मिलने वाली विभिन्न प्रकार की सब्सिडी के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। डॉक्टर लोहित शर्मा, गवर्नमेंट वेटरनरी सर्जन, रामशरण ने पशुधन पर मिलने वाली तथा कपिल चंदेल, ब्लॉक इंचार्ज बबैन, ने बागवानी विभाग के द्वारा मिलने वाली सहायता की विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में किसानों को जागरूक किया। कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र की मौसम विज्ञान विशेषज्ञ डॉक्टर ममता ने मौसम पूवार्नुमान का फसलों में होने वाले फायदे के बारे में किसानों से जानकारी साझा की और ई-मौसम ऐप के बारे में किसानों को जागरूक किया। स्टेट एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट की विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉक्टर मनीषा ने प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र, कुरुक्षेत्र के जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉक्टर फतेह सिंह ने मशरूम उत्पादन के बारे में बताया। मछली पालन विभाग से प्रिंस ने मछलियों पर मिलने वाली ट्रेनिंग और विभिन्न प्रकार की सब्सिडी के बारे में बता कर किसानों को जागरूक किया।

# हरियाणा शिक्षा विभाग पार्ट टाइम सफाई कर्मचारी की जिला कार्यकारिणी का गठन

## अनिल कुमार को बनाया गया जिला प्रधान

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 08 जून।** हरियाणा शिक्षा विभाग पार्ट टाइम सफाई कर्मचारी एसोसिएशन चतुर्थ श्रेणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान तेजराम ने की। बैठक के दौरान कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और कर्मचारी सदस्यता फार्म भरे गए। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। अनिल कुमार को जिला प्रधान चुना गया।

यह जानकारी देते हुए राज्य प्रधान तेजराम ने बताया कि शिक्षा विभाग पार्ट टाइम सफाई कर्मचारी एसोसिएशन चतुर्थ श्रेणी बैठक आयोजित कर जिला कार्यकारिणी



का गठन किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से अनिल कुमार को जिला प्रधान, विजय लक्ष्मी को उप प्रधान, सचिव नरेश कुमार, उप सचिव सोमवीर, कोषाध्यक्ष महेंद्र नेहरा, प्रेस सचिव हजारी लाल झांझड़ा, भागीरथ को एसोसिएशन का सलाहकार नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त प्रधान अनिल कुमार ने कहा कि उनको प्रधान पद की जिम्मेवारी मिली है इसका वे बखूबी निर्वहन करेंगे और कर्मचारियों की आवाज को बुलंद करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। बैठक के बाद सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने और ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने को प्रयासरत, चलाया जाएगा स्पेशल अभियान : एसपी शशांक कुमार सावन

## नो पार्किंग और अवैध रूप से सडक के किनारे खड़े वाहनों को पुलिस द्वारा क्रेन से उठाया जाएगा

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 08 जून।** पुलिस ने अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को ठीक कराने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान का प्रारंभ मुख्य सडकों पर वाहनों का अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई कर किया गया है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि हिसार पुलिस यातायात व्यवस्था सुधारने और आमजन को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने को प्रयासरत है। शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए आमजन में जागरूकता और पुलिस द्वारा अव्यवस्था करने वालों के खिलाफ कार्रवाई से स्थिति में काफी सुधार लाया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि शहर के बाजारों या सडकों पर अगर किसी ने नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा दिया तो ट्रैफिक पुलिस द्वारा उस वाहन का



चालान कर उसे क्रेन द्वारा उठा लिए जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि सडकें वही हैं। ऐसे में कई लोग अपने वाहनों को सडक पर ही कहीं भी पार्क कर जाते हैं। इसके कारण अन्य वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं बचती और फिर जाम लग जाता है। जिसके कारण लोगों को परेशानी होती है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा पहले भी नो पार्किंग के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया, परन्तु कुछ लोग नहीं मानते और वाहनों को कहीं भी बेतरतीब ढंग से खड़े कर देते हैं। शहर में मुख्यतः बस स्टैंड, तलाकी गेट, नागौरी गेट, पारिजातचोक, मटका चोक, कैंप चौक, डाबड़ा चौक और जिंदल चौक पर वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इन सभी स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त नियुक्ति कर व्यवस्था बनाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि हिसार ट्रैफिक पुलिस द्वारा आज अब तक नो पार्किंग में खड़े 5 वाहनों को क्रेन द्वारा उठाया गया है जो कार्रवाई जारी है। ट्रैफिक थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए है कि ट्रैफिक पुलिस लगातार गश्त पर रहे और जहां भी कोई गाड़ी नो पार्किंग या अवैध रूप से सडक किनारे खड़ी हो उसका चालान कर तुरंत क्रेन द्वारा उठाया जावे। ताकि यातायात अवरुद्ध न हो। ट्रैफिक पुलिस द्वारा नो पार्किंग के पोस्टल चालान भी किए जाते है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि कई वाहन चालक अपने वाहन को सडक के बीच या नो पार्किंग में ऐसी जगह खड़ा करते है जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः वाहन चालकों से अपील की है कि अपना वाहन किसी भी जगह पार्क कर यातायात व्यवस्था को बाधित न करे। वाहन को निर्धारित स्थान पर पार्क करे। सडक के बीच कही कोई वाहन पार्क न करे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में पुलिस की मदद करे। अगर की वाहन नो पार्किंग या अवैध रूप से सडक किनारे खड़ा पाया गया तो उसका चालान कर,उसे क्रेन द्वारा उठाया जाएगा।

# गुजवि के शिक्षकों एवं अधिकारियों का 11 सदस्यीय दल शिन कुन ईस्ट पीक के लिए रवाना

## कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 08 जून।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल 6100 मीटर ऊंची शिन कुन ईस्ट पीक के आरोहण के लिए रवाना हुआ। इस अभियान को कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। उन्होंने इस टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष और गौरव का अनुभव हो रहा है कि हमारे विश्वविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्यों एवं अधिकारियों का एक सशक्त और साहसी 11 सदस्यीय दल शिन कुन ईस्ट पीक के सफल आरोहण के उद्देश्य से 8 जून से 16 जून के मध्य रवाना हो रहा है। यह अभियान केवल एक पर्वत चढ़ाई नहीं, बल्कि गुजवि की सामूहिक चेतना, संकल्प शक्ति, पर्यावरणीय



प्रतिबद्धता और साहसिक नेतृत्व का प्रतीक है। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने कहा मैं इस साहसिक दल के प्रत्येक सदस्य, जिसमें प्रो. संजीव कुमार, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. वी.के. बिश्नोई, प्रो. राजीव कुमार, डॉ. शशि भूषण लूथरा, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. एस.एस. जोशी, डॉ विमल झा, डॉ. मनोज मेडल, डॉ. सुनील कुमार एवं श्री राजेश पुनिया शामिल हैं, उनको अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। विशेष रूप से इस अभियान की औसत आयु 52 वर्ष से अधिक होना यह दशार्ता है कि अनुभव और उत्साह का जब समन्वय होता है, तब कोई भी शिखर असंभव नहीं रहता। हमें गर्व है कि हमारे संकाय सदस्य इस साहसिक मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं।

इस विशेष मौके पर, कुलपति ने विश्वविद्यालय का झंडा इस दल को प्रदान करते हुए बताया कि यह यात्रा न केवल पर्वतारोहण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के लिए एक जीवंत संदेश भी है कि नवाचार, आत्मबल और निस्वार्थ साहसिकता से ही सच्चा नेतृत्व जन्म लेता है। मैं आशा करता हूँ कि यह मिशन विश्वविद्यालय के नाम को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएगा और साथ ही युवाओं को प्रकृति, अनुशासन, टीम भावना तथा साहस के मार्ग पर आगे बढ? की प्रेरणा देगा। इस 11 सदस्यीय पर्वतारोही प्रतिनिधिमंडल के संयोजक प्रो संजीव कुमार ने बताया कि समूचे दल की सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना करते हुए, आज विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें उत्साहपूर्वक रवाना किया और अपने संदेश में कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि यह यात्रा सफल, सुरक्षित और विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण रहे।

# नशीले इंजेक्शनों के साथ तीन युवक गिरफ्तार, 140 इंजेक्शन बरामद

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 08 जून।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा निदेर्शानुसार चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत सदर रतिया के अन्तर्गत नागपुर पुलिस चौकी टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक स्विफ्ट कार सवार तीन युवकों को 140 नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों में दो पंजाब के मानसा जिले के हैं जबकि एक हरियाणा के सिरसा जिले का निवासी है।

तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत सदर थाना रतिया में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस चौकी नागपुर के प्रभारी उपनि0 गुरपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी टीम एचसी रोशनलाल, सिपाही शंकर दयाल, एसपीओ गुरलाल और ड्राइवर एसपीओ गुरप्यार सिंह के साथ रतिया रोड पर वाहनों की नियमित जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार (सिरसा नंबर) रतिया की ओर से आती दिखाई दी जिसे रुकवाया गया। कार में तीन युवक सवार थे और ये सिरसा की ओर जा रहे थे। डीएसपी नरसिंह की मौजूदगी में कार की तलाशी ली गई, जिसमें कंडक्टर सीट के नीचे से 28 पत्ते बरामद हुए, जिनमें से प्रत्येक में 5-5 नशीले इंजेक्शन थे। इस प्रकार कुल 140 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए।

## अनोखे अंदाज में किया 7 दिवसीय समर कैंप का समापन




**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में सात दिवसीय समर कैंप का समापन बड़े ही अनोखे अंदाज में किया गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान सिखाए गए नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।तत्पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा द्वारा समर कैंप के सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र तथा उपहार प्रदान किए गए। इस समारोह को विशेष यादगार दिन बनाने के लिए नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए रेन डांस का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्ण माहौल में बहुत ही मनमोहक नृत्य किया। बच्चों ने संगीत की धुन पर रेन डांस का जमकर आनंद लिया। कृत्रिम बारिश की बूंदों में नाचते हुए बच्चों के चेहरे पर खुशी और मस्ती झलक रही थी। अपने नन्हे नन्हे हाथों में छाता लेकर नृत्य करते हुए यह विद्यार्थी बहुत ही प्रसन्न नजर आ रहे थे। सभी विद्यार्थियों के लिए आइसक्रीम पार्टी का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी मनपसंद फ्लेवर की ठंडी-ठंडी आइसक्रीम खाई, जिसने बच्चों की खुशी दोगुनी कर दी। उल्लेखनीय है कि सप्ताह भर चले समर कैंप के दौरान बच्चों को सेल्फ मैनेजमेंट, सेल्फ इंट्रोडक्शन, आर्थिक प्रबंधन, नीडल वर्क, कंप्यूटर, पर्यावरण संरक्षण, आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य, योगा, विभिन्न प्रकार के खेल तथा स्टोरीटेलिंग, ब्रह्म कुमारी बहनों के द्वारा प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से गुस्से पर नियंत्रण रखने का तरीका इत्यादि विभिन्न प्रकार के कौशल सिखाए गए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, अध्यापिका मंजीत सीमा,नैन्सी, परमज्योति, नीतू, सोनिया,रजनी, पायल, हरिंदर, कल्पना, आशा, रिहाना, अंजलि, कोमल, मोनिका, स्वाति, स्नेह,रेनू, तिलेशा, पूनम, रणबीर अध्यापक जसमेर, हेमंत सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यालय जीवन को और भी यादगार व आनंददायक बनाते हैं। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे तनावमुक्त होकर गर्मियों की छुट्टियों का आनंद उठा सकें। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आपसी मेल-जोल, सहयोग और खुशी बांटने की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। डांस और मस्ती से बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। जब वे खुलकर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं, तो उनका आत्म-विश्वास भी बढ़ता है।गर्मी के मौसम में ठंडी-ठंडी आइसक्रीम बच्चों को आनंदित करती है और उन्हें मौसम के अनुसार स्वाद का अनुभव भी कराती है। रेन डांस और आइसक्रीम पार्टी जैसे आयोजन केवल मस्ती तक सीमित नहीं होते, बल्कि बच्चों के भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक विकास में सहायक होते हैं। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने समर कैंप से संबंधित अपनी प्रतिक्रिया भी दी तथा अपने अनुभव भी सांझा किए।

## मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद महिला शिक्षिकाओं को नहीं मिले अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 08 जून।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राज्य की महिला कर्मचारियों के लिए आकस्मिक अवकाश (सीएल) की संख्या 20 से बढ़ाकर 25 करने की घोषणा की थी। यह घोषणा महिला कर्मचारियों के हित में एक सराहनीय पहल मानी गई, लेकिन अब तक हरियाणा सरकार द्वारा इस संबंध में कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ. तरसेम कौशिक ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि मुख्यमंत्री की इस महत्त्वपूर्ण घोषणा को शीघ्र लागू किया जाए तथा संबंधित अधिसूचना तुरंत जारी की जाए ताकि महिला कर्मचारियों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। डॉ. कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह घोषणा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम है, परंतु जब तक इसकी अधिसूचना जारी नहीं होती, तब तक यह घोषणा सिर्फ.एक औपचारिकता बनकर रह जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग सहित सभी संबंधित विभागों से मांग की है कि वे इस मुद्दे को प्राथमिकता पर लें और महिला कर्मचारियों को उनका यह अधिकार यथाशीघ्र प्रदान किया जाए। महिला शिक्षिकाओं में भी इस देरी को लेकर असंतोष है और वे सरकार से ठोस कार्रवाई की अपेक्षा कर रही हैं।

# भिरड़ाना गोलीकांड: फतेहाबाद पुलिस की बड़ी कामयाबी: महज 35 मिनट में तीनों आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 08 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत फतेहाबाद पुलिस ने भिरड़ाना गोलीकांड में सराहनीय सफलता प्राप्त करते हुए मात्र 35 मिनट में फायरिंग के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचानः

1. साहिल पुत्र भगवान, निवासी मुआना, थाना सफीदों, जिला जींद
2. गुरमीत पुत्र भालूराम, निवासी रैहड़ा, जिला कैथल
3. रमन पुत्र राजेन्द्र, निवासी सुभाष नगर, जिला कैथल

इन तीनों आरोपियों को आज अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

डीएसपी (ग्रामीण) श्री जगदीश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कि दिनांक 07 जून 2025 को रात्रि करीब 9:10 बजे, थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत गांव भिरड़ाना में प्रेम-प्रसंग से जुड़े पुराने विवाद के चलते श्रीमती कलावती पत्नी ओमप्रकाश एवं उनके दोहते राकेश कुमार पर तीन युवकों द्वारा फायरिंग की गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

आरोपी साहिल, रमन और गुरमीत मोटरसाइकिल पर सवार होकर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही जिलेभर की पुलिस टीमें अलर्ट हो गईं। डीएसपी ग्रामीण के नेतृत्व में राउंडअप अभियान शुरू किया गया। आरोपियों ने अलग-अलग रास्तों से भागने की कोशिश की, परंतु कुलां चौकी प्रभारी एएसआई दलबीर सिंह, ईआरबी-230 की टीम तथा थाना शहर टोहाना के पीएसआई प्रदीप कुमार की टीम ने सतर्कता और साहस का परिचय देते हुए तीनों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा बताया गया कि आरोपी भागते समय अपने



हथियार रास्ते में फेंक गए, जिन्हें पुलिस ने अभी बरामद किया जाना है। कुलां पुलिस चौकी इंचार्ज ने तीनों को बीएनएसएस की धारा 172 के तहत डिटेन किया और

आज सुबह थाना सदर फतेहाबाद ने औपचारिक गिरफ्तारी की। कलावती के बयान के आधार पर बीएनएस की धारा 109(1), 61(2),115(2),3(5),333 के तहत मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

पुलिस टीम ने घटना स्थल के निरीक्षण के दौरान मौका से 3 खोल सिक्के बरामद किए है। आरोपियो को कोर्ट मे पेश कर पुलिस रिमांड पर लिए जाएगें, रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ कर वारदात में प्रयुक्त हथियारों बारे पता लगाकर बरामद किए जाएगें तथा इस वारदात मे अन्य की आरोपियो की भी गिफ्तारी की जाएगी।

**गिरफ्तारी की कार्रवाईः**

डीएसपी ग्रामीण के नेतृत्व में पुलिस ने तेजी से घेराबंदी कर राउंडअप अभियान शुरू किया। कुलां पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई दलबीर सिंह, ईआरबी-230 की टीम और थाना शहर टोहाना के पीएसआई प्रदीप कुमार ने संयोजित कार्रवाई करते हुए महज 35 मिनट में तीनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भागते समय हथियार फेंककर फरार होने की कोशिश कर रहे थे। हथियारों की बरामदगी के लिए पूछताछ जारी है।

**कानूनी कार्रवाईः**

कलावती के बयान के आधार पर बीएनएस की धाराओं 109(1), 61(2), 115(2), 3(5), 333 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मौके से पुलिस ने तीन खोल (कारतूस) भी बरामद किए हैं। पुलिस रिमांड के दौरान हथियारों की बरामदगी और अन्य संभावित आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएंगे।

**पुलिस अधीक्षक की सराहनाः**

एसपी श्री सिद्धांत जैन ने इस त्वरित व योजनाबद्ध कार्रवाई के लिए डीएसपी ग्रामीण श्री जगदीश कुमार, कुलां चौकी प्रभारी एएसआई दलबीर सिंह, पीएसआई प्रदीप कुमार, ईआरबी-230 की टीम और अन्य पुलिस कर्मियों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस ह्यजीरो टॉलरेंसह्व नीति के तहत कार्य कर रही है। कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।" उन्होंने टीम को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने की भी घोषणा की।

रंगीन दुनिया में हर रंग कुछ बोलता है। बिना रंगों के तो आप अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। हर रंग का कुछ अर्थ है, जिसे प्रायः हम नहीं जानते। आपको अपने भाव प्रकट करने हों या किसी को कुछ उपहार में देना हो, इसका चुनाव आप रंगों के माध्यम से ही करते हैं। अगर बात फैशन की हो तो कलर की च्वाइस करना और भी जरूरी हो जाता है।

# सब कुछ कह देता है फेवरेट कलर



पहले जहां अलग-अलग डिजाइनर्स के कलेक्शन को एक ही स्टोर में जगह मिलती थी, वहीं अब एक स्पेसफिक कलर के सभी डिजाइनर कपड़ों और एसेसरीज पर बेस्ड स्टोर भी शुरू हो गए हैं। एक रोचक बात और भी है कि फैशन को ध्यान में रखकर एक स्पेशल कलर थीम को लेकर अब एक्सपेरिमेंट हो रहे हैं।

इन कलर थीम में इस समय सिटी में ब्लैक, व्हाइट और पिंक थीम आ चुकी है। इन तीनों कलर्स में अगर आपको किसी भी तरह का आउटफिट, शूज, एसेसरीज और हैंडबैग चाहिए, तो आपको पूरी मैचिंग एक ही शॉप पर मिल जाएगी। ये तीनों कलर्स ही ऐसे हैं, जिन्हें यूथ के साथ ही बिजनेसमैन और पॉलिटिशियन भी पसंद करते हैं।

## इन्हें चाहिए ब्लैक

बॉलीवुड के स्टाइल आइकल जॉब अब्राहिम, शाहरुख खान, शाहिद कपूर के फैन्स उनके ब्लैक कलर को भी फॉलो करते हैं। शादी, रिसेप्शन, डांस पार्टी, कॉकटेल पार्टी सभी जगह ब्लैक को फॉलो किया जा सकता है। ब्लैक कलर के दीवाने अपनी पसंद का यूनिक ब्लैक डिजाइनर पीस चुन रहे हैं।

## व्हाइट फॉर आल

व्हाइट कलर सिर्फ यूथ ही नहीं, बल्कि बिजनेसमैन और पॉलिटिशियन की वॉडरोब का भी हिस्सा बना हुआ है। इसीलिए व्हाइट कलर में मेन्स वियर्स जैसे शर्ट्स, ट्राउजर, टाई, बेल्ट, शेरवानी, सूट, शूज और दूसरी सभी एसेसरीज तक बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं।

## पिंक कलर बेस्ट

ज्वैलरी, हेयर एसेसरीज के साथ ही गिफ्ट आइटम्स आदि में पिंक कलर ही खोजती हैं। ऐसा नहीं है कि उन्हें कोई कलर नहीं भाता, लेकिन पिंक कलर उनकी पहली प्राथमिकता होती है।

पिंक कलर युवतियों का तो हमेशा से ही फेवरेट रहा है। हर गारमेंट शॉप, मेकअप शॉप और एसेसरी शॉप में अपना फेवरेट बेबी और स्पारकलिंग पिंक ढूंढ़ती है। ऐसा माना जाता है कि टीनेजर गर्ल्स के साथ 25 साल तक की गर्ल्स पिंक कलर की ड्रेसेज और एसेसरीज को पसंद करती हैं। ये कलर रोमांस के साथ ही सॉफ्टनेस के लिए भी जाना जाता है। शायद इसीलिए गर्ल्स फैशन एसेसरीज में, फुटवियर्स, बैग, ज्वैलरी, हेयर एसेसरीज के साथ ही गिफ्ट आइटम्स आदि में पिंक कलर ही खोजती हैं। ऐसा नहीं है कि उन्हें कोई कलर नहीं भाता, लेकिन पिंक कलर उनकी पहली प्राथमिकता होती है। लड़कियां गुलाबी और लाल तथा लड़के नीले और हरे रंग के प्रति आकर्षित क्यों होते हैं, इसका कारण चीनी वैज्ञानिकों ने पता लगा लिया है। झीजांग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बताया कि लड़कियों के दिमाग की संरचना इस तरह से है कि वे पके हुए लाल फलों जैसे रंगों की ओर आकर्षित हो जाती हैं, जबकि लड़के आसमान जैसे रंगों को पसंद करते हैं। 350 से अधिक विद्यार्थियों पर रंगों को लेकर किए गए शोध के बाद शोधकर्ता इस नतीजे पर पहुंचे हैं। इस शोध में विद्यार्थियों पर 11 रंगों की पसंद का पता लगाया गया, साथ ही सभी का व्यक्तित्व परीक्षण भी किया गया। इस शोध में यह खुलासा हुआ है कि लड़कियों ने गुलाबी, बैंगनी और सफेद रंगों को पसंद किया, जबकि लड़कों ने नीले और हरे रंग को महत्ता दी। इससे यह भी पता चला है कि अंतर्मुखी लड़के पीले रंग को पसंद करते हैं और लड़कियां ग्रे रंग का चुनाव करती हैं।

# खाएं स्वाद से...





## चटनी प्याज की



### सामग्री

1 स्लाइस में कटा हुआ प्याज, 1 चम्मच हल्दी, 1 चम्मच तेल, 1 चम्मच मैथीदाना, 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, आधा चम्मच कलौंजी, 100 ग्राम बैंगन, 10 ग्राम कटी हुई हरी मिर्च, 100 ग्राम कटी हुई शिमला मिर्च ,500 ग्राम पत्ता गोभी , 1 चम्मच सिरका, 150 ग्राम सेम की फली, स्वाद के अनुसार चीनी।

### विधि

तेल गरम करें उसमें प्याज को भूनें । इसमें मैथी दाना, जीरा, सौंफ, हल्दी, हरी मिर्च, और कलौंजी मिलाएं और थोडी देर तक भूनते रहें। अब इसमें कटी हुई पत्तागोभी डालें और धीमी आंच पर पकने के लिए ढंककर रख दे ऊपर से सिरका और चीनी डालें । कुछ देर पकने के बाद गैस बंद कर दे। अब सब्जी तैयार हो गई। चटनी के साथ गरम गरम परोसें।

## फिरनी केसर - बादाम

### सामग्री

दूध एक लीटर, चावल 200 ग्राम, शक्कर 100 ग्राम, कटी बादाम 20 ग्राम, पिस्ता 15 ग्राम, हरी इलायची छह से आठ, केसर आधा ग्राम, चाँदी या सोने का वर्क।

### विधि

चावल को कुछ घंटों तक पानी में भिगो लें और पानी निथारकर पीस लें। दूध को धीमी आँच पर उबालें और चावल, शक्कर, हरी इलायची और केसर मिलाकर तब तक चलाती रहें जब तक दूध गाढ़ा न हो जाए। आँच से हटा कर बादाम और पिस्ता डाल दें। सर्विस बाउल में डालकर ठंडा कर लें। अब बादाम, पिस्ता व चाँदी या सोने के वर्क की गार्निश करें और ठंडा करके परोसें।





## लो फैट मिठाई


### सामग्री

250 ग्राम गेहूँ का आटा, 30 ग्राम घी, 200 ग्राम पिसी हुई चीनी या गुड़, एक चम्मच इलायची पावडर, एक चम्मच बादाम पावडर।

### विधि

मोटे तले की कड़ाही में आटा भून लें। पिसी चीनी या गुड़ का चूरा कर आटे में मिला लें। मध्यम आँच पर दस निमट तक पकाएँ और थोड़ी-थोड़ी देर पर चलाती रहें। बाद में इलायची और बादाम पांवडर मिला लें। हाथ पर थोड़ा-सा घी लगाकर इनके लड्डू बाँध लें। और खुलकर खाएँ लो फैट मिठाइयाँ।

कुकर के रबड़ पर विशेष ध्यान दें। यदि रबड़ ढीला होगा तो प्रेशर नहीं बनेगा। नया रबड़ हमेशा अच्छी कंपनी का ही खरीदें । कभी रबड़ ढीला हो जाए तो उसे 15 मिनट तक फ्रीजर में रख दें। फिर से प्रेशर बनना प्रारंभ हो जाएगा। कुकर के ढक्कन की सफाई गाकेट उतारकर पुराने टूथ ब्रश से करें ताकि कोई भी खाद्य पदार्थ चिपका न रह जाए। इससे भी प्रेशर बनने में परेशानी होती है। गैस चूल्हे की हर बार खाना बनाने के पश्चात गीले कपड़े से या सूखे कपड़े से सफाई की जाए तो हम कई परेशानियों से बच सकते हैं।



# रसोई उपकरण को साथी बनाकर रखें

जबसे महिलाओं ने बाहर का मोर्चा संभालना प्रारंभ किया है, विज्ञान ने भी इतने नये उपकरण निकाल दिए हैं कि उन्हें रसोई संभालना, घर की साफसफाई रखना अधिक मुश्किल न लगे पर बिजली के उपकरण भी देखभाल मांगते है ताकि उन्हें लंबे समय तक अपने आराम का साथी बनाया जा सके। माइक्रोवेव, गैस स्टोव, मिक्सर जूसरग्राइंडर, फ्रिज, एसी, टोस्टर, प्रेशर कुकर, एक्जास्ट फैन, चिमनी आदि की सफाई का ध्यान नहीं रखेंगे तो ये हमारा जल्दी साथ छोड़ देंगे और हमारी परेशानी बढ़ जाएगी। तो आइये देखें इनकी देखरेख कैसे की जाए।

**कुकर :** कुकर हमेशा आईएसआई मार्क का खरीदें जो काफी भारी हो। हलका कुकर जल्दी फट सकता है। कुकर जल्दी खाना बनाने में हमारी मदद करता है और ईंधन की बचत करता है। यदि हम इसके प्रति लापरवाही बरतेंगे तो यह भी हमारे प्रति लापरवाह हो जाएगा। कुकर के ढक्कन का प्रयोग आराम से करें और ढक्कन उपयोग के बाद सावधानीपूर्वक ऐसे स्थान पर रखें ताकि वो गिरे नहीं और दबे नहीं। गिरने से ढक्कन टेढ़ा हो जाता है आर प्रेशर बनने में मुश्किल होती है। कुकर में दाल बनाते समय थोड़ा सा रिफाइंड तेल अवश्य डालें ताकि दाल का पानी बाहर न निकले। कुकर के रबड़ पर विशेष ध्यान दें। यदि रबड़ ढीला होगा तो प्रेशर नहीं बनेगा। नया रबड़ हमेशा अच्छी कंपनी का ही खरीदें। कभी रबड़ ढीला हो जाए तो उसे 15 मिनट तक फ्रीजर में रख दें। फिर से प्रेशर बनना प्रारंभ हो जाएगा। कुकर के ढक्कन की सफाई गाकेट उतारकर पुराने टूथ ब्रश से करें ताकि कोई भी खाद्य पदार्थ चिपका न रह जाए। इससे भी प्रेशर बनने में परेशानी होती है।



**गैस चूल्हा :** गैस चूल्हे की हर बार खाना बनाने के पश्चात गीले कपड़े से या सूखे कपड़े से सफाई की जाए तो हम कई परेशानियों से बच सकते हैं।


सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495, ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिका:- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमती नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।